दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 18
कोटद्वार रविवार
7 मई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## एयर इंडिया की नागपुर–मुंबई फ्लाइट में यात्री को बिच्छू ने काटा

**मुंबई, एजेंसी।** एयर इंडिया की नागपुर से मुंबई जाने वाली एक फ्लाइट में यात्री को बिच्छू ने काट लिया। हालांकि, इस घटना में यात्री की जान बचा ली गई और वह अब बिल्कुल ठीक हैं। एयर इंडिया ने इस मामले में एक बयान भी जारी किया है। बताया गया है कि यह घटना 23 अप्रैल को हुई, जिसकी पुष्टि अब हुई है।

बताया गया है कि नागपुर–मुंबई फ्लाइट में बिच्छू ने एक महिला यात्री को काटा था। इसके बाद पैसेंजर को तुरंत ही चिकित्सा मुहैया कराई गई और विमान के लैंड होते ही उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बयान के मुताबिक, "लैंडिंग के बाद यात्री को तुरंत एयरपोर्ट पर एक डॉक्टर ने देखा और फिर बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया।" बयान में कहा गया कि फ्लाइट से लेकर अस्पताल तक एयर इंडिया के अधिकारी लगातार यात्री के साथ रहे और डिस्चार्ज तक उनका पूरा ख्याल रखा।

एयर इंडिया ने बताया कि इस घटना के बाद एयर इंडिया की इंजीनियरिंग टीम ने विमान का निरीक्षण किया। टीम ने पूरे प्रोटोकॉल के साथ विमान की छानबीन की और बिच्छू को बाहर किया। इसके बाद प्लेन की सफाई की गई। एयरलाइन ने इस घटना के लिए यात्री से माफी भी मांगी है।

## बेंगलुरु में रोड शो से पहले पीएम मोदी ने गिनाईं उपलब्धियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में धुआंधार चुनाव प्रचार कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बेंगलुरु में रोड शो करने से पहले ट्वीट कर बेंगलुरु क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए लोगों को भाजपा के साथ पुराने संबंधों की याद दिलाई।

प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर कहा, थोड़ी देर में मैं शहर के लोगों के साथ बातचीत करने के लिए बेंगलुरु में रोड शो शुरू करूंगा।

बेंगलुरु और भाजपा के बीच पुराना और मजबूत रिश्ता है। इस शहर ने शुरुआती दिनों से हमारी पार्टी का समर्थन किया है और हमने इसके विकास के लिए कई प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री ने अपने अगले ट्वीट में ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर लोगों का समर्थन मांगते हुए कहा, हम अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर बेंगलुरू के लोगों का आशीर्वाद मांग रहे हैं।

साथ ही अब तक हासिल की गई उपलब्धियों को आगे बढ़ाने का वादा भी कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि कर्नाटक को नंबर वन राज्य बनाया जाए और बेंगलुरु के विकास पथ में अद्वितीय गति भी जोड़ी जाए।प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य, आवास, स्वच्छता, ट्रांसपोर्ट, रेलवे और एयरपोर्ट सहित विभिन्न क्षेत्र में केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में बताते हुए दावा किया कि इन सबकी वजह से लोगों को लाभ हुआ है ।

# स्कूली शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दें : सीएम

## योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए गंभीरता से प्रयास करें

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सचिवालय में विद्यालयी शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, कौशल विकास एवं खेल विभाग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के समग्र विकास के लिए विभागों द्वारा जो भी अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक योजनाएं बनाई जा रही हैं उनके क्रियान्वयन के लिये गंभीरता से प्रयास किये जायें। योजनाओं पर चरणबद्ध तरीके से कार्य किये जाने के साथ ही 2025 तक जिन योजनाओं को पूर्ण करने का विभागों द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उनको प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के प्रयास हों, साथ ही इसकी नियमित समीक्षा भी की जाए। मुख्यमंत्री ने पीएम श्री के तहत राज्य के चयनित 142 स्कूलों के लिए सभी आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए पूरी तैयारी करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी स्कूलों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो।

विद्यालयी शिक्षा की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन जनपदों में विद्यालयी शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थी ड्रॉप आउट हो रहे हैं, इनके कारणों का विस्तृत अध्ययन किया जाए। विद्यालयी शिक्षा में ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या को कम करने के लिए हर संभव प्रयास किये जाएं। सरकारी स्कूलों में शिक्षा के गुणात्मक सुधार एवं विद्यार्थियों के पंजीकरण को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र पोषित योजनाओं के तहत होने वाले कार्यों में तेजी लाई जाए। जो भी प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजे जाने हैं, उनमें किसी भी स्थिति में विलम्ब न हो। तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पॉलिटेक्निक कॉलेजों एवं आईटीआई में समय की मांग के आधार पर कोर्स करवाए जाएं। इसके लिए औद्योगिक संस्थानों से निरंतर आपसी समन्वय बनाये जाने पर ध्यान दिया जाये। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रशिक्षण के बाद विद्यार्थियों को उचित प्लेसमेंट मिल जाए। पॉलिटेक्निक कॉलेजों एवं आईटीआई के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान देते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि इनमें दक्ष मानव संसाधन के साथ आवश्यक उपकरण भी हो। जिन ट्रेडों में कार्य के लिए डिमांड बढ़ी है, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। पॉलीटेक्निक कॉलेजों और आईटीआई का अपग्रेडेशन भी चरणबद्ध तरीके से किये जाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, विशेष प्रमुख सचिव अभिनव कुमार, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, रविनाथ रमन, विजय कुमार यादव, शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी, निदेशक खेल, जितेन्द्र सोनकर एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### उच्च शिक्षा के साथ व्यावसायिक कोर्स को बढ़ावा दिया जाए

**सभी तकनीकी संस्थाओं को एकीकृत रूप में एक प्लेटफार्म पर लाएं**

उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में शोध को बढ़ावा देने के लिए और प्रयासों की जरूरत है। शोध आधारित मॉडल महाविद्यालय बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किये जाएं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुपालन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उच्च शिक्षा के साथ व्यावसायिक कोर्स को बढ़ावा देने पर भी कार्य किया जाए। कहा कि डिग्री कॉलेजों में नवाचार को बढ़ावा देने के लगातार प्रयास किये जाने की जरूरत है। कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सभी तकनीकी संस्थाओं को एकीकृत रूप में एक प्लेटफार्म पर लाया जाए। रोजगार मेलों का नियमित आयोजन किया जाए और उनका व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार भी किया जाए। रोजगार के साधन बढ़ाने में कौशल विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। राज्य में स्थापित उद्योगों को दक्ष मानव संसाधन मिले, इसके लिए युवाओं को उद्योगों की आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण की व्यवस्थाएं की जाए।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।



सीएम पुष्कर सिंह धामी जौलीग्रांट एयरपोर्ट में शहीद को श्रद्धांजलि देते हुए।

## सीएम ने शहीद रूचित रावत और प्रमोद नेगी को दी श्रद्धांजलि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट, देहरादून पहुंचकर जम्मू कश्मीर में चल रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र में शहीद हुए चमोली निवासी लांस नायक रुचिन सिंह रावत एवं सिरमौर, हिमाचल प्रदेश निवासी शहीद प्रमोद नेगी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले हमारे शहीदों को यह देश हमेशा याद रखेगा।

राज्य सरकार हर पल सैनिक परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शहीद रुचिन सिंह रावत के परिजनों की हर संभव मदद करेगी। उन्होंने परिजनों से इस दुःख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने की अपील की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक बृजभूषण गैरोला, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून दिलीप कुंवर एवं अन्य लोग मौजूद रहे।


## भारी विरोध के बीच में हटाई मजार, छतों पर चढ़े लोगों को पुलिस ने नीचे उतारा, छावनी में बदला इलाका

**हरिद्वार ।** हरिद्वार ज्वालापुर में भारी विरोध के बीच चंदन वाली मजार को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। मजार को ध्वस्त करने के दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। दोनों तरफ बेरिकेड्स लगाकर आवाजाही बंद कर दी गई। इधर मजार हटाने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग आर्य नगर चौक पर एकत्र हो गए।

सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष व्यक्त किया। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के समझाने के बाद लोग लौट गए। मजार को हटाने की कार्रवाई के दौरान आसपास के इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया। छतों पर चढ़े लोगों को भी नीचे उतार दिया गया।

## राजौरी में शहीद जवानों के हत्यारे आतंकवादियों को तलाशा जाएगा : राजनाथ

**जम्मू एजेंसी,(एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को जम्मू–कश्मीर के राजौरी जिले में तैनात सैनिकों से बातचीत की और स्पष्ट संदेश दिया कि सैनिकों की हत्या में शामिल आतंकवादियों का पता लगाया जाएगा। राजनाथ सिंह उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सेना प्रमुख मनोज पांडे के साथ राजौरी में सेना के डिवीजन मुख्यालय पहुंचे।जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ उत्तरी कमान, लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी और फील्ड कमांडरों ने रक्षा मंत्री को कंडी जंगल और राजौरी और पुंछ जिलों के अन्य क्षेत्रों में आतंकवादियों के खिलाफ चल रहे अभियान के बारे में जानकारी दी।सूत्रों ने कहा कि रक्षा मंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान स्पष्ट संदेश दिया कि सैनिकों को मारने वाले आतंकवादियों को हर कीमत पर खोजा जाएगा। सिंह ने अपनी यात्रा के दौरान कथित तौर पर कहा, जम्मू–कश्मीर में शांति



भंग करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।राजौरी से वापस जम्मू के लिए उड़ान भरने के बाद, रक्षा मंत्री दोपहर में नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। शुक्रवार को कंडी वन क्षेत्र में आतंकवादियों के हमले में एलीट पैरा कमांडो समेत पांच जवान शहीद हो गए थे। आतंकियों के खिलाफ जारी ऑपरेशन में सेना ने एक आतंकी को मार गिराया जबकि एक अन्य के घायल होने की खबर है।

## बदरीनाथ धाम में अब तक 3 लोगों की मौत

**चमोली।** बद्रीनाथ में इस बार कपाट खुलने की तिथि 27 अप्रैल से लेकर अभी तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। मृत्यु का कारण हार्ट अटैक और ठंड लगना बताया जा रहा है। पिछले सोमवार को ठंड लगने से एक साधु की मौत हो गई थी।

बदरीनाथ थाना पुलिस को सूचना मिली कि साकेत तिराहे के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति की ठंड लगने से मौत हो गई है। जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस मृतक की पहचान कालिया (70) उर्फ बाबा लकड़नाथ, निवासी हिसार, हरियाणा के रुप में की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोशीमठ भेज दिया गया है। वहीं, 29 अप्रैल को धाम में ह्दयगति रुकने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक की पहचान सराफत यामीन (48), निवासी बहादराबाद, हरिद्वार के रुप में की है।

## मुफ्त का पानी पीने वालों को लगेगा झटका, ऐक्शन में धामी सरकार

**देहरादून।** उत्तराखंड में फ्री का पानी पीने के लिए अब लोगों को पैसे चुकाने होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार मुफ्त का पानी पीने वालों पर सख्ती करने जा रही है। ऐसे लोगों पर धामी सरकार का ऐक्शन को जोरदार प्लान भी बनाया गया है। उत्तराखंड में बिना किसी मंजूरी और बिना कोई शुल्क दिए निजी बोरिंग कर ट्यूबवेल से पानी का इस्तेमाल करने वालों को झटका लगने जा रहा है। अब उनसे भी वसूली की तैयारी है। इसके लिए शासन ने जल संस्थान को निजी बोरिंग कर भूजल का इस्तेमाल करने वालों के लिए भी पानी की दरें तय करने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड में भूजल के दोहन को लेकर किसी भी प्रकार का कोई नियंत्रण नहीं है। घरों से लेकर होटल, स्कूल, कालेज अस्पताल, रिजॉर्ट, उद्योगों, स्टेडियम में बिना किसी मंजूरी के ही निजी बोरिंग कर ट्यूबवेल लगा दिए जाते हैं। इन निजी ट्यूबवेलों से कितने पानी का इस्तेमाल हो रहा है। जिन क्षेत्रों में ये ट्यूबवेल लगे हैं, वहां भूजल की क्या स्थिति है। इसे लेकर कोई निगरानी सिस्टम नहीं है। अब भूजल के इस दोहन को नियंत्रित करने और इससे राजस्व वसूलने की तैयारी है। सचिव पेयजल नितेश झा ने जल संस्थान को निर्देश दिए हैं कि विभाग बिना मंजूरी के बने निजी ट्यूबवेल से भी शुल्क वसूले। इसके लिए पानी की दरों को तय किया जाए। किस संस्थान में पानी की कितनी खपत है और कितने ट्यूबवेल का इस्तेमाल कर पानी उपयोग में लाया जा रहा है, उसके अनुसार पानी की दरें तय की जाएंगी।

> जल संस्थान को भूजल के हो रहे दोहन को लेकर एक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए हैं। भूजल के दोहन पर इस्तेमाल किए जाने वाले पानी का शुल्क वसूला जाएगा। जल संस्थान को इन निजी बोरिंग के लिए पानी का शुल्क तय किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **—नितेश झा, सचिव पेयजल ।**



विपक्ष को एकजुट करने पर कर रहे हैं काम

## कई नेताओं ने इस्तीफा वापस लेने का किया था अनुरोधः शरद पंवार


**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी से मुक्त होने के लिए मैंने सोच–समझकर खुद को तैयार किया था। हालांकि, मुझे नहीं पता था कि मेरी पार्टी मेरे इस्तीफे पर इतनी कड़ी प्रतिक्रिया देगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय पद से इस्तीफा देन के बाद कई राष्ट्रीय स्तर के नेताओं ने भी मुझसे अपना फैसला वापस लेने का अनुरोध किया। एनसीपी प्रमुख ने आगे कहा कि हम विपक्ष को एकजुट करने पर काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, "मुझे नहीं पता था कि मेरी पार्टी मेरे इस्तीफे पर इतनी कड़ी प्रतिक्रिया देगी। कई राष्ट्रीय स्तर के नेताओं ने भी मुझसे अपना फैसला वापस लेने का कहा था। एक साल के भीतर आम चुनाव होने हैं। ऐसे में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से अलग हटना ठीक नहीं होगा। हम विपक्ष को एकजुट करने पर काम कर रहे हैं।"

शरद पवार ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी से मुक्त होने के लिए मैंने सोच–समझकर खुद को तैयार किया था। उन्होंने कहा कि इससे मैंने अगली पीढ़ी को मौके देने के बार में सोचा था। उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी से मुक्त होने के लिए मैंने सोच–समझकर खुद को तैयार किया था। मेरे पास अभी भी संसद में तीन साल और हैं और मैं भविष्य में एक अच्छी टीम बनाने के विचार में था जो राज्य और देश स्तर पर एनसीपी की जिम्मेदारी ले सके। इसलिए मैंने एक तरफ कदम बढ़ाने और अगली पीढ़ी को मौका देने के बारे में सोचा था।"

## शांति बहाली की कोशिशों में जुटी सरकार, अब तक 54 लोगों की हुई मौत

**मणिपुर, एजेंसी।** मणिपुर में हुई हिंसा की वजह से अब तक 54 लोगों की मौत हो गई है। इसी बीच मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने प्रदेश में शांति व्यवस्था को स्थापित करने के लिए समन्वय समिति के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। मुख्यमंत्री बीरेन ने ट्वीट किया, "मणिपुर में मौजूदा स्थिति और शांति बहाली में नागरिक सामाजिक संगठनों की भूमिका के महत्व को देखते हुए मणिपुर अखंडता पर समन्वय समिति के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की।" अधिकारियों ने



शनिवार को बताया कि मणिपुर में हिंसा की वजह से मरने वालों की संख्या बढ़कर 54 हो गई है। वहीं, गैर आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, हिंसा में बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं और 150 से अधिक घायल हुए हैं। इंफाल घाटी में शनिवार को जनजीवन सामान्य होता नजर आया, क्योंकि दुकानें एवं बाजार फिर से खुले और सड़कों पर वाहन भी दिखाई दिए। अधिकारियों ने बताया कि सभी प्रमुख क्षेत्रों और सड़कों पर सेना की अतिरिक्त टुकड़ियों और केंद्रीय पुलिस बल के जवानों की तैनाती के साथ सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है।

शुक्रवार को जिन इलाकों में उग्रवादी समूहों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हुई थी, वहां की सड़कों पर बेरीकेड लगाकर घेराबंदी कर दी गई है

## चिराग ने नीतीश को दी चुनौती, हिम्मत है तो बजरंग दल पर बैन लगाकर देख लें


**पटना एजेंसी।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो बैन लगाकर देख लें।

पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए चिराग से जब जदयू सांसद की बजरंग दल पर बैन लगाने की मांग के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जदयू सांसद मांग क्या कर रहे हैं, राज्य में उनकी सरकार है अगर ताकत है तो बैन करके दिखाएं।

## दिनभर बाबा की जयकारों से गूंजता रहा केदारनाथ पैदल मार्ग

### आज 11,740 तीर्थयात्री भेजे गए धाम

**देहरादून।** चटक धूप खिलते ही सोनप्रयाग से सुबह छह से छह बजे तक कुल 11740 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ के लिए प्रस्थान किया जबकि बाबा के दर्शन कर 8157 श्रद्धालु देर शाम तक सोनप्रयाग लौट आए। पूरे दिनभर पैदल मार्ग, पड़ावों व धाम में बाबा के जयकारे गूंजते रहे। लंबे समय बाद यात्रा मार्ग के बाजारों, पैदल मार्ग और धाम में यात्रियों की उमड़ी भीड़ देखकर कारोबारियों के



चेहरे भी खिल उठे।

शनिवार को सुबह 4 बजे से सोनप्रयाग में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। सुबह 8 बजे तक प्रशासन व पुलिस द्वारा पहले जत्थे में 5054 यात्री धाम भेजे गए। इसके बाद तीन जत्थों में अलग–अलग 2000–2000 यात्री धाम के लिए रवाना किए गए। सोनप्रयाग में तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट अरुण राणा ने बताया कि मौसम ठीक होने के कारण आज पूरे 12 घंटे यात्री धाम भेजे गए।

चार बजे बाद जाने वाले यात्रियों की गौरीकुंड में रात्रि प्रवास की बुकिंग है। उधर, केदारनाथ मंदिर परिसर दिनभर बाबा केदार के जयकारों से गूंजता रहा। यहां सुबह 9 बजे ही मंदिर परिसर भक्तों से भर चुका था। धाम में मौजूद बीकेटीसी के सीईओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि बीते दिनों की अपेक्षा मंदिर में भीड़ ज्यादा रही।

# चमोली के घोड़ा-खच्चर संचालकों की नहीं होगी उपेक्षा : महाराज

## न्यायालय में तत्काल पुनर्विचार याचिका दाखिल की जाएगी



जयन्त प्रतिनिधि देहरादून : पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि केदारनाथ यात्रा में चमोली जिले के घोड़ा खच्चर-संचालकों का भी सहयोग लिया जाएगा और किसी भी सूरत में उनकी उपेक्षा नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि चमोली के घोड़ा-खच्चर संचालकों के साथ केदारनाथ यात्रा में कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा, उन्हें भी यात्रा में भागीदार बनाया जाएगा, इसलिए इस मामले में तत्काल पुनर्विचार याचिका दाखिल की जाएगी। इससे चमोली के घोड़ा खच्चर संचालकों को भविष्य में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। महाराज ने कहा कि सरकार चमोली के घोड़-खच्चर संचालकों के साथ खड़ी है और जल्द ही उनकी समस्या का निस्तारण किया जायेगा।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से मिलने आए घोड़ा खच्चर संचालकों के प्रतिनिधिमंडल को उन्होंने आश्वस्त किया है कि उनके साथ किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं होगा। उन्होंने जिलाधिकारी को जनपद के घोड़ा खच्चर संचालकों के संबंध में न्यायालय में पुनर्विचार याचिका जल्द दाखिल करने के भी निर्देश दिए हैं। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उनके संज्ञान में आया है कि जनपद चमोली के घोड़ा खच्चर-संचालकों को केदारनाथ यात्रा में लाइसेंस नहीं मिल पा रहे हैं जिससे उनको काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग को साफ तौर पर निर्देश दिए हैं कि न्यायालय में पुनर्विचार याचिका जल्द दाखिल की जाए। श्री महाराज ने बताया कि शासन में भी इस मामले को लेकर उनकी अधिकारियों से वार्ता हुई है। बताया गया कि केदारनाथ यात्रा में घोड़े खच्चरों की सीमा का भी प्रावधान है। जिसके कारण चमोली के घोडा-खच्चर संचालकों को अपेक्षित तौर पर लाइसेंस जारी नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर डीएम रुद्रप्रयाग को साफ तौर पर निर्देश दे दिए गए हैं कि यदि इसमें दिक्कत आ रही है तो तत्काल पुनर्विचार याचिका दाखिल की जानी चाहिए। उन्होंने इसके लिए तत्काल पुनर्विचार याचिका के लिए पत्र तैयार कर शासन को भेजने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि शासन के स्तर से न्यायालय में पुनर्विचार याचिका जल्द दाखिल की जा सके।

## गणेश जोशी ने माता मंगला से मसूरी के विकास में मांगा सहयोग

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को हंस फाउंडेशन की संस्थापक माता मंगला से उनके निजी आवास पर भेंट कर मसूरी के विकास में सहयोग मांगा। गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के तहत गढ़ी कैंट में परमवीर चक्र से अंलकृत मेजर धन सिंह थापा द्वार तथा कैप्टन दल बहादुर थापा द्वार का निर्माण का अनुरोध किया। मसूरी में वाल्मीकि मंदिर के निकट टिन शेड निर्माण, मसूरी के आईडीएच बिल्डिंग के निकट शिफन कोट के प्रभावित परिवारों के लिए आवासीय भवन निर्माण तथा विलासपुर कांडली में 11 जीआरआरसी जूनियर हाईस्कूल, विलासपुर कांडली के विद्यालय भवन निर्माण को लेकर भी सहयोग का अनुरोध किया। मंत्री ने हंस फाउंडेशन द्वारा प्रदेश में किए जा कार्यों की भी सराहना भी की। हंस फाउंडेशन की संस्थापक माता मंगला ने सकारात्मक आश्वासन का भरोसा दिया।

# मेले संस्कृति व सभ्यता के प्रतीक : किशोर



नई टिहरी : स्व. पुष्पा देवी की पुण्य तिथि पर रानीचौरी में आयोजित होने वाले एक दिवसीय मां कालिंका मेले का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति व सभ्यता के प्रतीक हैं। मां कालिंका मेला श्रद्धा का मेला भी है। इस मेले के माध्यम से लोगों को स्थानीय उत्पाद का बाजार भी मिलता है।

मेले के संयोजक सुशील बहुगुणा ने मेले में विधायक किशोर उपाध्याय का स्वागत किया। बहुगुणा ने कहा कि कालिंका मेला हमारे पूर्वजों की देन है। मेले में स्थानीय युवक–युवतियों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का भी मौका दिया जाता है। कहा कि उनका प्रयास रहता है कि मेले की मदद से पलायन रोकने का प्रयास किया जाय। कहा कि पुष्पा देवी की पुण्यतिथि पर यह मेला 2018 से शुरू किया गया है। उन्होंने समाज में शराबबंदी आन्दोलन से लेकर जंगल बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी प्रेरणा लेने की अपील भी मेले में युवाओं से की जाती है। जिसमें पलायन से बचने के युवाओं को प्रेरित कर स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाने की राह दिखाई जाती है। कालिंका मेले में उमड़े लोगों ने स्थानीय उत्पादों की खरीदारी करने के साथ ही दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर मेले का आनंद लिया। इस मौके पर सेवानिवृत्त अध्यापक गिरिजा प्रसाद बहुगुणा, टीकाराम बहुगुणा ने कहा कि यह मेला हमारे समय में एक दूसरे के हाल चाल जानने व मेलमिलापक का केन्द्र बिन्दु है। इस अवसर पर प्रधान किरन कोठारी, प्रधान डारगी किरन, प्रधान वीड सुशीला मंमगाई, साबली प्रधान सुधीर बहुगुणा, अरविंद बहुगुणा, संजय बहुगुणा, आशाराम आदि मौजूद रहे। संयोजक सुशील बहुगुणा ने मेले में सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। (एजेंसी)

# मिस उत्तराखण्ड—2023 साइना रौतेला ने की राज्यपाल गुरमीत सिंह से मुलाकात



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में मिस उत्तराखण्ड–2023 साइना रौतेला ने मुलाकात की। राज्यपाल ने सुरौतेला को मिस उत्तराखण्ड–2023 बनने हेतु बधाई एवं उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तर-खण्ड की बेटियां बेहद प्रतिभाशाली हैं। इस तरह के मंच उन्हें अपनी प्रतिभाओं को और निखारने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की बेटियों में चुनौती को स्वीकार करने व उससे निपटने का एक अलग ही जज्बा है। राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने में उत्तराखण्ड की बेटियों की बड़ी भूमिका है। इस दौरान प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सुरौतेला के पिता मेजर हिमांशु रौतेला, माता श्रीमती स्वीटी रौतेला भी उपस्थित रहीं।

# भाष्कर खुल्वे ने बदरीनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों का लिया जायजा



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : पर्यटन विभाग में विशेष कार्यकारी अधिकारी भाष्कर खुल्बे एवं प्रधानमंत्री कार्यालय के उप सचिव मंगेश घिल्डियाल ने शनिवार को बद्रीनाथ धाम पहुंच कर प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट बदरीनाथ मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने भगवान बद्रीनाथ की पूजा व दर्शन भी किए।श्री खुल्बे ने बदरीनाथ में पुनर्निर्माण कार्यों की अच्छी प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी जिस तेजी के साथ बदरीनाथ में पुनर्निर्माण कार्य चल रहे है वह बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में तीर्थयात्रियों को बदरीनाथ में और भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस दौरान उन्होंने बीआरओ बाईपास सडक, वनवे लूप रोड, शेष नेत्र व बदरीश झील, अराइवल प्लाजा, अन्तर्राष्ट्रीय बस अड्डा, रिवर फ्रंट डेवलपमेंट एवं अस्पताल विस्तारीकरण कार्यों का बारीकी से स्थलीय निरीक्षण किया। पुनर्निर्माण कार्यों में लगे इंजीनियर, मजदूर एवं मशीनरी के बारे जानकारी लेते हुए उन्होंने निर्माणदायी संस्थाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पुनर्निर्माण कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत संचालित कार्यों की प्रगति के संबध में विस्तार से अवगत कराया। इस दौरान एसडीएम कुमकुम जोशी, पीआईयू के अधिशासी अभियंता विपुल सैनी, गावर कंपनी के प्रोजेक्ट डारेक्टर पीएल सोनी, अनिरुद्ध काला, ईओ सुनील पुरोहित, तहसीलदार रवि शाह सहित निर्माणदायी एवं कार्यदायी संस्थाओं के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सत्यापन नहीं कराने पर 16 कबाड़ियों का चालान

देहरादून। थाना नेहरू कॉलोनी पुलिस ने कबाड़ी की दुकान पर काम करने वाले लोगों का सत्यापन नहीं मिलने पर 16 कबाड़ियों का चालान कर 1.60 लाख रुपये जुर्माना वसूला। पुलिस ने संदिग्ध लोगों पर नजर रखने और अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाया था। इस दौरान पुलिस ने 56 कबाड़ की दुकानों की पड़ताल की। यहां काम करने वाले 138 लोगों का सत्यापन किया गया। इसके अलावा 16 कबाड़ियों के खिलाफ नियमों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा सड़क पर अतिक्रमण करने पर छह ठेली संचालकों के भी चालान काटे गए हैं।

### भाजपा महानगर महिला मोर्चा ने किया कार्यकारिणी विस्तार

देहरादून। महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष अर्चना कठैत बागड़ी ने प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा नौटियाल व महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल की सहमति के बाद महिला मोर्चा का विस्तार किया है। मोर्चा विस्तार में विशेष आमंत्रित सदस्य, महानगर कार्यकारिणी सदस्य, मण्डल प्रभारियों के नाम की घोषणा की गई है। रजनी कुकरेती, मंजू कौशिक, उषा लखेड़ा, मंचन बाला, राजेश्वरी नेगी, डॉ.अनिता कौल गुप्ता, प्रेमलता मिश्रा, शैलबाला नेगी, विनोद उनियाल, आरती ध्यानी, चंचला देवी, दीपा शाह को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा ममता अग्रवाल देवली आईटी सह प्रभारी, सीमा रावत व पिंकी बिष्ट सह सोशल मीडिया प्रभारी, अर्चना थापा सह कार्यालय प्रभारी मनोनीत किए गए। वहीं नीलू साहनी डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर मंडल, सुषमा कुकरेती केदारनगर, सुमन सिंह पं.दीनदयाल, सोनू उनियाल धर्मपुर, शोभा रावत तपोवन, अरुणा लिम्बू वीर चंद्र सिंह, पुष्पा पडियार रायपुर, अनिता मल्होत्रा करनपुर, पूनम ममगाईं अम्बेडकर नगर, दिव्या नेगी प्रेमनगर, रानी सैनी जीएमएस नगर, प्रिंयका गुसाईं मसूरी, शिखा थापा शहीद दुर्गामल्ल, सरस्वती बगवाड़ी श्रीदेव सुमननगर मंडल प्रभारी बनाए गए हैं।

# छात्रों को वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने की जरूरत

रूद्रप्रयाग : जीवन निर्माण एजुकेशन सोसाइटी के सहयोग में साइंस इन सर्विस ऑफ सोसाइटी विज्ञान जिज्ञासा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केन्द्रीय गढ़वाल विवि के प्रोफेसरों ने छात्रों को विज्ञान के प्रति जागरूक करने के साथ ही करियर काउंसिलिंग की जानकारी भी दी।

डॉ जैक्सवीन नेशनल स्कूल गुप्तकाशी में आयोजित कार्यक्रम केन्द्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर के प्रो. कुलदीप सिंह रावत ने बच्चों को सामान्य प्रयोगों के माध्यम से हमारे आस–पास के विज्ञान की अवधारणा को समझाया। कहा कि छात्रों को वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। छात्रों को भविष्य में किस क्षेत्र में जाना है इसका लक्ष्य पहले ही निश्चित किया जाए। वैज्ञानिक डॉ. नरेन्द्र सिंह ने बढ़ते हुए वायु प्रदूषण पर जानकारी देते हुए कहा कि किस तरह से आने वाले सौ सालों में हम वायु प्रदूषण की गिरफ्त में आ रहे हैं। गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार डॉ. विनोद नौटियाल ने उत्तराखंड के इतिहास को विस्तृत रूप से रखा। डॉ. लोकेश कुमार ने कहा कि किस तरह से 12वीं के बाद वह आगे अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। विज्ञान जिज्ञासा कार्यक्रम में डॉ. जैक्सवीन नेशनल स्कूल गुप्तकाशी, एमएल पब्लिक स्कूल नाला, राइंका गुप्तकाशी, सरस्वती विद्या मंदिर गुप्तकाशी एवं नवदीप आदर्श चिल्ड्रन एकेडमी गुप्तकाशी से लगभग दो सौ छात्रों ने प्रतिभाग की। इस दौरान छात्रों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न भी पूछे गए, प्रतिभाग करने वाले छात्रों को नगद पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। विज्ञान जिज्ञासा में विद्यालय के संस्थापक लखपत सिंह राणा ने सभी प्रोफेसरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बहुपयोगी रहा। साथ ही उन्होंने साइंस इन सर्विस ऑफ सोसाइटी से भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करने का आग्रह किया। (एजेंसी)

## एचएम के एक्सपर्ट्स देंगे हेल्थी टिफिन बनाने की ट्रेनिंग

देहरादून। अपने बच्चों के लिए रोज हेल्थी और यम्मी खाना बनाने की इच्छुक महिलाओं के लिए एक अच्छी खबर है। ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी का होटल मैनेजमेंट विभाग स्कूली बच्चों की माताओं को उन के लिए रोज स्वादिष्ट और पौष्टिक टिफिन बनाने की ट्रेनिंग देगा।

हेल्थी टिफिन, हेल्थी मी नाम की इस दो दिवसीय ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन आठ और नौ मई को मातृ दिवस के उपलक्ष्य पर किया जा रहा है। कार्यशाला में भाग लेने के लिए महिलाएं यूनिवर्सिटी के होटल मैनेजमेंट विभाग में रजिस्ट्रेशन करा सकती हैं।

# वन विभाग ने बौंसाडी गांव में लगाया पिंजरा



नई टिहरी : प्रतापनगर के बौंसाडी गांव तथा लंबगांव डोबरा चांठी सड़क मार्ग पर बीते दिनों से गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत बनी है। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिये बौंसाडी गांव में पिंजरा लगाया है।बीते शनिवार करीब 11 बजे सुबह गुलदार ने लंबगांव–डोबारा चांठी मोटर मार्ग से सटे बौंसाडी गांव की मुन्नी देवी (62) पत्नी धनपाल सिंह पर हमला कर उसे घायल कर दिया था। मुन्नी देवी की उपचार के दौरान हिमालयन अस्पताल जॉली ग्रांट देहरादून में मौत हो गई थी। बीते सप्ताह से बौंसाडी गांव तथा आसपास के क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा लगातार गुलदार देखे जाने की वन विभाग से शिकायत की गई है। बौंसाडी गांव के पूर्व प्रधान त्रेपन सिंह रावत, लंबगांव नपं सभासद सौरभ रावत, रविन्द्र रावत ने बताया कि गुरुवार सुबह गुलदार अपने बच्चों के साथ बौंसाडी गांव के समीप डोबरा चांठी सड़क पर घूमता हुआ दिखाई दिया। बताया रात को गुलदार बौंसाडी गांव में देखा गया। ग्रामीणों ने पटाखे फोड़कर गुलदार को भगाया। कहा कि गुलदार आये दिन बौसाडी गांव के समीप दिखाई देने से ग्रामीणों में दशहत बनी है। गुलदार के भय के कारण ग्रामीण अपने बच्चों को स्कूल भेजने से डर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने की मांग की है। उधर वन क्षेत्राधिकारी मुकेश रतूडी ने बताया कि गुलदार को पकड़ने के लिये बौंसाडी गांव में पिंजरा लगाया दिया गया है, बौंसाडी गांव के साथ महिला पर हमला करने वाले स्थान पर ट्रैंप कैमरें लगाये हैं। वन विभाग की टीम शाम को गांव में गश्त भी लगा रही है।

# सीएम को भेंट की बदलते दौर से गुजरती जन जातियां पुस्तक



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक जय सिंह रावत ने मुलाकात कर उन्हें अपनी नवीनतम पुस्तक :"बदलते दौर से गुजरती जन जातियां" भेंट की। यह पुस्तक हाल ही में भारत सरकार के नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया (एन.बी.टी) ने प्रकाशित की है। एन.बी.टी द्वारा प्रकाशित की जाने वाली जय सिंह रावत की यह दूसरी पुस्तक है। दोनों ही पुस्तकें शोध ग्रन्थ हैं। लेखक जय सिंह रावत ने कहा कि इस शोध ग्रन्थ में सरसरी तौर पर भारत के सम्पूर्ण जनजातीय समाज पर रोशनी डालने का प्रयास किया है, लेकिन पूरा फोकस केवल उत्तराखंड की पांचों जनजातियों पर किया गया है। इस ग्रन्थ में उत्तराखण्ड की पांचों जनजातियों एवं उनकी उपजातियों पर विकास की प्रक्रियाओं और विशेष रूप से शिक्षा तथा स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभाव को समझने का प्रयास करने के साथ ही जनजातीय लोगों की विविध संस्कृतियां, समाज, स्थान, भाषा, लिपि, जैविक भिन्नता, शैक्षिक स्तर, विकास का प्रभाव, भोजन की आदतें, पूजा पद्धतियां और परम्परागत प्रथाओं पर प्रकाश डालने का प्रयास किया है। यह ग्रन्थ लेखक के लगभग तीन दशक से अधिक समय के शोध और अध्ययन का प्रतिफल है।



## केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीन पवार ने की राज्यपाल गुरमीत सिंह से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीन पवार ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने डॉ. भारती से उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

# फाइनल में स्पोर्ट्स कॉलेज ने शिवालिक अकादमी को हराया

देहरादून। द्वितीय मंगू लाल ढींगीया मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज ने शानदार जीत दर्ज की। टीम ने शिवालिक अकादमी को 5–1 के अंतर से शिकस्त दी। प्रेमनगर स्थित उत्तराखंड फुटबॉल एरीना में शनिवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। पहले हाफ में ही स्पोर्ट्स कॉलेज ने तेज खेलते हुए 3–0 की बढ़त बना ली थी। 11वें मिनटमें पीयूष, 18वें मिनट में अक्षित, 24वें मिनट में हेमराज ने गोल किया। दूसरे हाफ के 30वें मिनट में शिवालिक के अभय चौहान ने गोल मारकर स्कोर 3–1 जीत की उम्मीद जगाई, लेकिन इसके बाद पीयूष और हर्ष ने एक–एक गोल दागकर स्पोर्ट्स कॉलेज को जीत दिलाई। मुख्य अतिथि पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी अरुण मल्होत्रा ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया फुटबॉल फेडेरेशन खिलाड़ियों के उत्थान के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश ममगाईं ने बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए फुटबॉल एरीना को बधाई दी। मौके पर हरीश चंद्र ढींगीया, बीएल टांक, शिवनाथ सिंह पंवार, मनोज नेगी, शहीद हुसैन, नंद किशोर, पिंगी, बीपी शर्मा, अविनाश आदि मौजूद थे।

## अवैध खनन में तीन डंपर सीज

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के शाहपुर में पुलिस ने अवैध खनन में तीन डंपरों को सीज किया है। पुलिस के अनुसार गांव शाहपुर स्थित बाण गंगा में में लगे दर्जनों स्टोन क्रशरों से खनन सामग्री ढोने वाले तीन वाहनों को पकड़ा है।

छापे की भनक लगते ही चालक अपने वाहनों को छोड़कर खेतों के रस्ते भाग निकले। पुलिस ने मौके से तीन डंपरों को पकड़ा है। तीनो वाहनों को पुलिस फेरुपुर चौकी ले आई और उन्हें अवैध खनन की धाराओं में सीज किया गया है।

# अफीम की खेती करने पर 12 लोगों पर केस दर्ज

उत्तरकाशी : अफीम की अवैध खेती पर पुलिस और प्रशासन की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर धरासू और मोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत करीब 14 नाली जमीन पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया। साथ ही अफीम की खेती करने वाले 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा मुकदमा पंजीकृत किया है।

एसपी अर्पण यदुवंशी ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि सीओ प्रशान्त कुमार के नेतृत्व में पुलिस, प्रशासन और आबकारी की संयुक्त टीम ने गुरुवार को थाना धरासू क्षेत्रान्तर्गत बणगांव हरेला गाड के पास भण्डारा का सेरा नामक तोक में 0.051 हेक्टेयर यानी ढाई नाली जमीन पर उगाई गई अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया। अफीम खेती करने वाले बणगांव निवासी सुरजा देवी, बलम सिंह और बलमा देवी के खिलाफ थाना धरासू में एनडीपीएस ऐक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वहीं थानाध्यक्ष मोरी मोहन सिंह कठैत व नायब तहसीलदार जबर सिंह असवाल के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की संयुक्त ने टीम ढामटी थुनारा गांव में अवैध रूप से करीब 0.220 हेक्टेयर यानी 11 नाली भूमि पर की जा रही अफीम की खेती को नष्ट किया। अफीम की खेती पर थुनारा निवासी सुभाष, विशनदास, नरेन्द्र, जोगनदास, प्रहलाद, अब्बलदास, बबलू, छोटी, सोहन लाल के खिलाफ मोरी थाने में एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया है। एसपी ने पुलिस व प्रशासन की दोनों टीम की सराहना करते हुए पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## गंगा पैदल यात्रा की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के दिशा-निर्देशों के क्रम में पौराणिक चार धाम पैदल यात्रा मार्ग ऋषिकेश से देवप्रयाग को पुर्नजीवित करने की तैयारियों में जिला प्रशासन जुट गया है। जनपद पौड़ी गढ़वाल अगामी 13 मई को ऋषिकेश से देवप्रयाग तक गंगा पैदल पथ यात्रा/पौराणिक चार धाम पैदल यात्रा मार्ग को पुर्नजीवित करने के उदेश्य से ''गंगा पैदल यात्रा'' प्रस्तावित है। यात्रा को लेकर एडीएम को नोडल अफसर बनाया गया है, जबकि छः अलग–अलग समितियां का भी गठन करते हुए उन्हें दायित्व सौंपे गए है। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि 6 अलग-अलग आयोजन समितियों का गठन करते हुए दायित्वों सौंपे गये हैं। डीएम ने अपर जिलाधिकारी को इसका नोडल अधिकारी नामित किया है। बताया कि ऋषिकेश से देवप्रयाग तक के पौराणिक चारधाम यात्रा पैदल यात्रा मार्ग को पुर्नजीवित करना यात्रा का मकसद है। विदित् है कि जिलाधिकारी और उनके मार्गदर्शन में जिला प्रशासन ऋषिकेश से देवप्रयाग तक के पौराणिक चार धाम यात्रा पैदल यात्रा मार्ग को पुर्नजीवित करने के उदेश्य से अगामी 13 मई को ''गंगा पैदल यात्रा'' को प्रस्तावित किया गया है।

## बनने लगी सुरक्षा दीवार, बरसात में बाढ़ से मिलेगी सुरक्षा

### आठ करोड़ रुपये की लागत से बनाई जा रही बाढ़ सुरक्षा दीवार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सनेह क्षेत्र के अंतर्गत रतनपुर में खोह नदी के तट पर बसे परिवारों को बाढ़ से सुरक्षा उपलब्ध करवाने का कार्य शुरू हो गया है। करीब आठ करोड़ रुपये की लागत से इस क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। पूर्व में सुरक्षा दीवार नहीं होने के कारण काश्तकारों की भूमि लगातार खोह नदी की भेंट चढ़ रही थी।

सनेह क्षेत्र के अंतर्गत रतनपुर से कुंभीचौड़ के मध्य कई परिवार खोह नदी के तट पर बसे हुए हैं। यही नहीं, नदी के तट पर काश्तकारों की कई बीघा खेती भूमि भी है।

ऐसे में बरसात के समय नदी उफान पर आने से काश्तकारों की भूमि पर कटाव हो रहा था। हर वर्ष काश्तकारों की भूमि का हिस्सा नदी की भेंट चढ़ रही थी। पूरे वेग में बहने वाली नदी से आवासीय भवनों पर भी खतरा मंडराने लगा था। बरसात के दौरान परिवारों को अब अधिक नुकसान न हो, इसके लिए सिंचाई विभाग ने नदी के किनारे सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य शुरू करवा दिया है। इससे काफी हद तक परिवारों की भूमि का बचाव होगा। साथ ही उनके आवासीय भवनों की भी सुरक्षा होगी। कुंभीचौड़ निवासी मीना देवी, बबीता देवी ने बताया कि वह पिछले लंबे समय से खोह नदी के तट पर सुरक्षा दीवार निर्माण करवाने की मांग उठा रहे थे। लेकिन, उन्हें इस बात की संतुष्टि है आखिरकार विभाग की नींद टूट गई। उन्होंने सिंचाई विभाग से जल्द से जल्द सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य पूरा करने की भी मांग उठाई।



कोटद्वार के कुंभीचौड़ में खोह नदी के तट पर हो रहा बाढ़ सुरक्षा दीवार का निर्माण।

## महात्मा बुद्ध के जीवन दर्शन पर की गोष्ठी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : साहित्यांचल साहित्यिक संस्था ने स्वर्ण जयंती वर्ष व बुद्ध पूर्णिमा पर महात्मा बुद्ध के जीवन दर्शन विषय पर गोष्ठी आयोजित की। इस दौरान सदस्यों ने समाज हित में भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



भगवान बुद्ध को नमन करने पहुंचे संगठनों के सदस्य

मेहरबान सिंह कंडारी विद्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इससे पूर्व सदस्यों ने बुद्धा पार्क स्थित भगवान बुद्ध की मूर्ति के समीप पहुंचकर उन्हें नमन किया। मुख्य वक्ता चक्रधन शर्मा कमलेश व प्रो. नंद किशोर ढौडियाल व सत्यप्रकाश थपलियाल ने भगवान बुद्ध की जीवनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक चंद्रप्रकाश नैथानी ने कहा कि भगवान बुद्ध ने सत्य, अहिंसा, प्रेम और भाईचारे का जो संदेश दिया था। उनके बताए माग पर चलकर हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। भगवान बुद्ध से प्रेरित होकर ही संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर ने उनकी शरण में जाने का निर्णय लिया। भगवान बुद्ध ने पंचशील का सिद्धांत देकर आदर्श समाज बनाने का आह्वान किया था, जिसमे हिंसा न करना, चोरी न करना, ब्याभिचार न करना, झूठ न बोलना व नशा न करना मुख्य था। इस मौके पर हरि सिंह भंडारी, डा. ख्यात सिंह चौहान, चंद्रमोहन बड़थ्वाल, आरपी कोटनाला, हर्ष वर्द्धन ध्यानी, अतुल भट्ट, शिव प्रकाश कुकरेती, जर्नादन बुड़ाकोटी, पीएल खंतवाल, विजय लखेड़ा, रोशन बलूनी, राकेश अग्रवाल, यतेंद्र गौड़, रामप्रकाश शर्मा, जेपी भारद्वाज, अनुसुया डंगवाल, रेनू बड़ाकोटी आदि मौजूद रहे।, वहीं, भारतीय दलित साहित्य अकादमी गढ़वाल मंडल की ओर से भी भगवान बुद्ध को याद किया गया। सभा की अध्यक्षता अकादमी के मण्डलीय अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल आर्य ने की।

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कार्यशाला में किया प्रतिभाग

**जयन्त प्रतिनधि।**

**कोटद्वार** : डॉक्टर पीतांबर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एंटी ड्रग क्लब के नोडल अधिकारी डॉक्टर जुनीश कुमार के नेतृत्व में छात्रा आंचल एवं संजू ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश में आयोजित यूथ -20 अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में प्रतिभाग किया।

वहां से लौटने के बाद अपने अनुभवों को साझा करते हुए छात्राओं ने कहा कि पर्यावरण परिवर्तन विषय पर आयोजित गोष्ठी से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला। वे इन अनुभवों से अपने प्रयासों को भविष्य में भी जारी रखेंगे।

मौके पर नोडल अधिकारी डॉ. जुनीश कुमार ने प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार का आभार जताते हुए कहा कि उनके माध्यम से ही वे कार्यशाला का हिस्सा बने और अनुभव हासिल किया।



ऋषिकेश में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

## जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने लगाई महाप्रबंधक को फटकार

### बैठक में स्टेकहोल्डर विभागों के उपस्थित नहीं होने जताई नाराजगी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कोटद्वार स्थित जिला उद्योग केंद्र कार्यालय सभागार में उद्योग मित्र की बैठक संपन्न हुई। बैठक में एमएसएमई-2023 के ड्राफ्ट हेतु उद्यमियों से सुझाव लिए गए। बैठक में स्टेकहोल्डर विभागों के उपस्थित नहीं होने पर जिलाधिकारी ने महाप्रबंधक उद्योग को कड़ी फटकार लगाई।

शनिवार को आयोजित उद्योग मित्र की इस बैठक में विद्युत, पेयजल आदि विभागों की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने जीएम डीआईसी को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि उद्योग मित्रों की अगली बैठक में सभी स्टेकहोल्डर विभाग बैठक में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में एमएसएमई 2023 के ड्राफ्ट हेतु उद्यमियों द्वारा सुझाव पेश किए गए, जिसमें मुख्यतया जनपद पौड़ी को श्रेणी बी से हटाकर श्रेणी ए में रखने, फ्रेंडली एनवायरमेंट, वित्तीय प्रोत्साहन, ट्रांसपोर्ट फैसिलिटी, निर्बाध विद्युत आपूर्ति व जमीन से जुड़े मसलों का शीघ्रतया समाधान शामिल है।



कोटद्वार में उद्योग मित्र की बैठक में सुझाव देते जिलाधिकारी

उद्यमियों का कहना था कि खराब सड़कों विद्युत आपूर्ति में कटौती व फ्रेंडली एनवायरनमेंट नहीं होने के कारण श्रेणी ए में रखा जाना उचित है, ताकि योजनाओं का भरपूर लाभ मिल सके। कहा कि श्रेणी बी में बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त दर्शाई जाती है, जिस कारण से लागत निर्धारित की जाती है जबकि धरातलीय स्थिति कुछ और है। उद्यम की स्थापना हेतु भूमि से संबंधित प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि उनके स्तर पर 154 के प्रकरणों का समाधान युद्ध स्तर पर किया जाएगा। उन्होंने महाप्रबंधक उद्योग को निर्देश दिए कि उद्यमियों द्वारा दिए गए सुझावों को सोमवार तक लिखित रूप में प्राप्त करते हुए अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि एमएसएमई 2023 को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। बैठक में उप जिलाधिकारी कोटद्वार प्रमोद कुमार, महाप्रबंधक उद्योग शैलेंद्र डिमरी, तहसीलदार मनजीत सिंह, सिडकुल मैन्युफैक्चेरिंग अध्यक्ष सुनील गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक सिडकुल सन्नी चौहान, सचिव सिडकुल विवेक चौहान व सचिन अरोड़ा, उद्यमी जगमोहन, गोपाल कंसल, आशुतोष पांडे सहित अन्य उद्यमी व उपस्थित थे।

## आवारा पशुओं से निजात दिलवाने की उठाई मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं के आतंक से निजात दिलवाने की मांग की है। कहा कि सड़क पर घूम रहे आवारा पशु आमजन के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं।

समस्या के संबंध में क्षेत्रवासियों ने नगर आयुक्त वैभव गुप्ता को ज्ञापन दिया। बताया कि पिछले कुछ वर्षों से शहर में आवारा गोवंशों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आए दिन गोवंश राहगिरों को चोटिल रहे रहे हैं। दो दिन पूर्व बदरीनाथ मार्ग में गोवंश ने एक स्कूटी सवार को टक्कर मार दी थी। जिससे स्कूटी सवार घायल हो गया था। यही नहीं गोवंश काश्तकारों के लिए भी मुसीबत बन रहे हैं। शाम ढलते ही खेतों में पहुंच रहे गोवंश फसल को चट कर रहे हैं। कहा कि गो संरक्षण के नाम पर नगर निगम ने काशीरामपुर तल्ला में गोशाला का निर्माण करवाया था। लेकिन, वह भी सफेद हाथी बनी हुई है। आमजन की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम को आवारा पशुओं से निजात की योजना बनानी चाहिए। इस मौके पर मदन सिंह, महेंद्र कुमार, प्रवेश नेगी, रजत ममगाईं, राहुल कुमार, पुष्कर सिंह, राजीव नेगी आदि मौजूद रहे।

## बैंक ने सात साल बाद भेजा चेक, जमा करने से किया मना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : पौड़ी एसबीआई ग्राहकों को अपने ही बैंकर्स चैक को सात साल बाद भेज रहा है। बैंक की कार्यप्रणाली से ग्राहकों में रोष है। ललित चिटकारिया ने बताया कि जब उन्होंने इस चैक को अपने खाते में डालने के लिए लगाया तो बैंक ने इसे पुराना बताते हुए जमा करने से मना कर दिया। क्योंकि चैक केवल तीन महीने के लिए ही वैध होता है और इसी अवधि में इसे उपयोग में लाया जा सकता है।

पौड़ी के व्यापारी ललित चिटकारिया ने वर्ष 2016 में अपना एसबीआई का खाता बंद करवाया था। इसके बाद खाते में बची राशि 96 रुपए को बैंक ने वापस करना था। बैंक ने खाता बंद करते हुए 7 जून 2016 को ललित चिटकारिया के नाम से 96 रुपए का बैंकर्स चैक काट तो दिया लेकिन उसे भेजना भूल गया। अब बैंक बीती 24 अप्रैल को उनका पुराना ही चेक उनके पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज दिया।

बैंक के प्रबंधक एस पाल ने बताया कि चैक पहले ही बन गया होगा लेकिन उसे लेने कोई बैंक नहीं आया होगा। जिस पर पुराना ही चैक खातेधारक को भेजा गया। बैंक ऐसे चैकों को सुधार देता है और खातधारक चाहे तो उसे कैस भी करवा सकता है।

आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण तकनीकी ज्ञान की पुस्तके हिंदी भाषा में मौजूद नहीं

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) श्रीनगर के राजभाषा अनुभाग एवं संकाय कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस मौके परे वक्ताओं ने तकनीकी शिक्षा में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं राजभाषा के रूप में सरकारी कामकाज में इसके प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि एनआईटी निदेशक डॉ. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि भाषाई विविधता के बीच हिंदी भाषा, देश में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में सबसे अधिक प्रचलित और बोली जाने वाली भाषा है। इसीलिए 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को राजकीय भाषा के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि किसी देश की प्रगति में उसकी भाषा और संस्कृति का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रो. अवस्थी ने कहा कि हिंदी भाषा में तकनीकी शिक्षा की पढ़ाई में जो सबसे बड़ी बाधा है वह यह है कि आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण तकनीकी ज्ञान की पुस्तके हिंदी भाषा में मौजूद नहीं है।

शिक्षा मंत्रालय राजभाषा प्रकोष्ठ के जगदीश राम पौरी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में भारत सरकार ने वर्ष 2023 के अंत तक सभी हिंदी भाषी राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, बिहार आदि में शत प्रतिशत प्रशासनिक पत्राचार हिंदी माध्यम में करने का लक्ष्य रखा है। संचालन कुलसचिव डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी ने ने किया। (एजेंसी)

## विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया

**पौड़ी** : सेंट थॉमस स्कूल में छात्र पदाधिकारियों का अधिष्ठापन समारोह आयोजित हुआ। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने पदाधिकारियों को उनके पदों की जिम्मेदारियों से रूबरू किया। मुख्य अतिथि पौड़ी कोतवाल गोविंद सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि छात्र जीवन सबसे अहम है। जिसमें मेहनत और लगन के बूते छात्र अपने जीवन के उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। शनिवार को विद्यालय हॉल में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर प्रसादा ने नए सत्र के लिए छात्र पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। विद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के लिए हैड ब्वॉय प्रांजल नेगी, हैड गर्ल दिलाशा रावत, वाइस हैड ब्वाय आदित्य राणा, वाइस हैड गर्ल अभिति रावत, स्पोर्ट हैड अभिषेक रावत, कल्चरल हैड जय पोरी, लिटरेरी हैड आस्था कपरवान को चुना गया। जबकि श्रेयांश चौहान व वैष्णवी को अब्दुल कलाम हाउस कैप्टन, परिधि नेगी व शुभम नेगी को एल्फोंसा, तनिष्क पोरी व अक्षा रावत को महात्मा गांधी, वंशिका रावत व आयुष रावत को मदर थेरेसा हाउस कैप्टन की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर छात्र–छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य सिस्टर रंजना, पीटीआई नरेंद्र, शिक्षक प्रतिनिधि गीता मुदगिल, छात्र प्रतिनिधि दीपाली बड़थ्वाल, प्रीति नेगी, पुनीता गुसांई, रीचा बहुगुणा, संगीता रावत आदि मौजूद रहे।

## ट्रेडफेयर को लेकर व्यापारियों ने जताई आपत्ति, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : नगर पालिका पौड़ी द्वारा ग्रीष्मोत्सव में लगाये जाने वाले ट्रेड फेयर को लेकर स्थानीय व्यापारियों ने आपत्ति जताई है। व्यापारियों ने इस संबंध में अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि कंडोलिया मैदान में आयोजित होने वाले ट्रेड फेयर से स्थानीय व्यापारियों का नुकसान होता है। उन्होंने प्रशासन से कंडोलिया मैदान में ट्रेडफेयर न लगाए जाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि कंडोलिया में ट्रेड फेयर लगा तो व्यापारी उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने ट्रेडफेयर में केवल हैंडीक्राफ्ट का सामान रखने तथा इसे नया बस अड्डे में आयोजित करने को कहा।गौरतलब है कि नगर पालिका पौड़ी द्वारा हर साल की तरह ग्रीष्मोत्सव का आयोजन किया जाना है। इस ग्रीष्मोत्सव के दौरान कंडोलिया मैदान में लगाया जाने वाला ट्रेड फेयर भी मुख्य आकर्षण होता है। जिसमें विभिन्न प्रांतों से व्यापारियों द्वारा सामान और अन्य वस्तुओं को बेचा जाता है। लेकिन इस बार के ट्रेडफेयर में स्थानीय व्यापारियों ने आपत्ति जताई है। व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने इस संबंध में एडीएम ईला गिरी के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजा। व्यापारियों ने एडीएम से कहा कि कंडोलिया मैदान में ट्रेड फेयर को न लगाया जाए। इससे स्थानीय व्यापारियों और फुटबाल प्रेक्टिस करने वाले बच्चों को नुकसान झेलना पड़ता है। व्यापारियों ने कहा कि ट्रेडफेयर में वहीं सामान बेचा जाता है जो कि पहले से ही स्थानीय बाजारों में उपलब्ध है। इससे रोजमर्रा के ग्राहक बाजारों के बजाय ट्रेडफेयर का रूख करते हैं। जोकि स्थानीय व्यापारियों के लिए ठीक नहीं है। इस मौके पर व्यापारी कुलदीप गुसांई, अभिषेक, पंकज डोभाल, पारस नेगी, मो. नौशाद, एमएस रावत, आरएस रावत, नरेंद्र सिंह, सलीम, शहजाद, मो. शरीफ आदि मौजूद रहे। उधर, नगर पालिकाध्यक्ष यशपाल बेनाम ने कहा कि पूर्व में भी ट्रेडफेयर कंडोलिया मैदान में ही आयोजित किया जाता रहा है। यह सभी शहरवासियों और व्यापारियों के हित में है। इसमें किसी का भी नुकसान नहीं।

## प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**कोटद्वार** : आर पी पब्लिक स्कूल तेलीपाड़ा में दो दिवसीय इंटर स्कूल ताइक्वांडों चैंपियनशिप आरंभ हो गई है। प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार की प्रतियोगिताओं का आरंभ मुख्य अतिथि प्रबंधक, सेंट जोसेफ कान्वेंट स्कूल रेव्ह फादर जोंस ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य कुंवर अजीत सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में पौड़ी, बिजनौर व सहारनपुर जनपद के विद्यालयों की 60 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता का फाइनल और पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को होगा।

## चार धाम में बसें, पहाड़ में बेपटरी हुई व्यवस्था

### सिलोगी व देवीखेत बस सेवा बंद होने से ग्रामीण परेशान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : जीएमओयू की अधिकांश बसें चारधाम रूट पर चले जाने से पहाड़ी की यातायात व्यवस्था बिगड़ने लगी है। जीएमओयू की कोटद्वार से संचालित सिलोगी और देवीखेत बस सेवाओं को नियमित रूप से चलाने की मांग क्षेत्रीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने की है। चारधाम यात्रा के समय सिलोगी बस सेवा को बंद करने से क्षेत्रवासी परेशान हैं। उन्हें जीप टैक्सियों से महंगी व मनमानी यात्रा करने के लिए विवश होना पड़ रहा है।

सिलोगी निवासी राजेंद्र प्रसाद, राम सिंह, कनसुर के प्रधान दीपचंद्र शाह, गूम के प्रधान कुलदीप सिंह बिष्ट, प्रधान संघ द्वारीखाल के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने बताया कि जीएमओयू की बस सेवाओं पर स्थानीय परिवहन व्यवस्था टिकी है, लेकिन चारधाम यात्रा में बसों के भेजने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि तीन दिन देवीखेत की बस सेवा भी बंद थी, लेकिन शुक्रवार से शुरू कर दी गई। लोगों ने कहा कि सिलोगी के लिए भी नियमित रूप से बस सेवा चलाई जानी चाहिए। जीएमओयू के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल ने बताया कि देवीखेत बस सेवा शुरू कर दी गई है। बसों की उपलब्धता होने पर सिलोगी वाली भी शुरू कर दी जाएगी। बताया कि पर्वतीय रूटों पर कंपनी की टैक्सी सेवाएं संचालित हो रही है। अन्य स्टेशनों पर भी टैक्सी सेवाएं शुरू की जाएंगी।

# कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती के लिए काम करें



रुद्रपुर : भाजपा महिला मोर्चा जिला कार्यसमिति में महिला कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान केंद्र, राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक ले जाने का आह्वान किया गया। कार्यसमिति में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विमला मुंडेला, महिला मोर्चा प्रभारी भावना मेहरा ने संगठन पर चर्चा करते हुए सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

वक्ताओं ने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं के लिए अनेक योजनाओं का संचालन कराया है। इनका लाभ महिलाओं को मिल रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष मोहिनी पोखरिया ने राज्य सरकार की उपलब्धियों कार्यकर्ताओ के साथ साझा किए। उपाध्यक्ष रश्मि रस्तोगी ने महिला मोर्चा के कार्यक्रमों और उनके कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। प्रदेश सह संयोजक शैली फुटेला ने महिला मोर्चा की मजबूती की बात कही। जिलाध्यक्ष विमला मुडेला ने सभी पदाधिकारियो का आभार जताने के साथ ही पार्टी की मजबूती के लिए काम करने का आह्वान किया। बैठक में 2023 और 2024 में होने वाले पंचायत, निकाय और लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी पदाधिकारियों को तैयार रहने की अपील की। वहीं दूसरे सत्र में महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मोहिनी पोखरिया ने केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की।

## फंदे पर लटका मिला छात्रा का शव

रुद्रपुर : ग्राम दरऊमें नाबालिग लड़की का उसके घर में शव चुन्नी के फंदे पर लटका मिला। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राम दरऊनिवासी रामस्वरूप प्राइवेट वाहन चलाता है। उसकी 17 साल की बेटी आरती गांव के स्कूल में बारहवीं कक्षा में पढ़ती थी। शुक्रवार सायं आरती घर में अकेली थी। कुछ देर बाद परिजनों ने उसे घर के कमरें में कुंडे पर चुन्नी का फंदा बना कर लटके देखा। शोर–शराबा होने पर वहां पड़ोसी इकठ्ठा हो गए और आरती को फंदे से नीचे उतारा। तब तक आरती की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



# किसानों को प्लास्टिक की क्रेट वितरित की

रुद्रपुर। :मंडी समिति ने फल एवं सब्जी उत्पादक किसानों को प्लास्टिक की क्रेट बांटी। मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत ने कहा कि किसानों को अपनी फसल मंडी लाने या खेत से लाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो इस लिए क्रेट बांटी गई है। किसानों को 43 क्रेटों का वितरण किया गया। जिसमे सुखदेव सिंह, नैन सिंह, लक्ष्मी देवी, मुकेश, प्रेम सागर आदि शामिल थे। (एजेंसी)

# कलेक्ट्रेट में ग्रामीणों का आमरण अनशन शुरू

नैनीताल : धारी के गुलियालेख गांव के पांच लोगों ने नैनीताल में डीएम दफ्तर पर अमारण अनशन शुरू कर दिया है। इन ग्रामीणों का आरोप है कि एक बाहरी व्यक्ति ने इलाके में उनकी 27 नाली जमीन पर कब्जा कर रखा है। तहसील कोर्ट में केस लगा है पर सुनवाई नहीं हो रही है। इसलिए उन्हें मजबूरन डीएम दफ्तर के सामने आमरण अनशन पर बैठना पड़ रहा है। हैरानी की बात है कि दो दिन से अनशन पर बैठे इन लोगों की ओर कलेक्ट्रेट प्रशासन का ध्यान भी नहीं गया है। पहाड़ में ग्रामीणों की जमीनों में लगातार विवाद बढ़ रहे हैं। पर तहसीलों में अधिकारी समस्याएं सुनने के बजाय केस की फाइलें बना दे रहे हैं। ऐसे ही एक मामले मे परेशान चल रहे धारी ब्लॉक के गुलियालेख गांव के ग्रामीणों ने डीएम दफ्तर पर आमरण अनशन शुरू कर दिया है। अनशन पर बैठे पीतांबर दत्त ने बताया कि उनकी 24 नाली जमीन की रजिस्ट्री और 27 माली नजूल भूमि पर हल्द्वानी के एक आदमी ने कब्जा कर रखा है। लंबे समय से एसडीएम कोर्ट में मामला चल रहा है। पर आरोपी के रसूख के कारण मामले की सुनवाई ही आगे नहीं बढ़ रही है। अब उनकी बात भी नहीं सुनी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति ने अपने रसूख के दम पर वन विभाग की 300 नाली जमीन पर भी कब्जा किया है। कई बार प्रशासन को शिकायत दर्ज करवाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इसलिए अब परेशान होकर उन्होंने अनशन पर बैठने का निर्णय लिया है। अनशन पर बैठने वालों में प्रकाश चंद, विनोद चंद्र पूरन चंद, उमेश चन्द्र ने कहा कि यदि पीतांबर दत्त को अनशन से उठाया जाता है तो वह अनशन पर बैठेंगे। परेशानियां इतनी हो गई हैं कि अब उन्हें दूसरा कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा। (एजेंसी)

## पन्ना प्रमुख बनाने को कहा

रुद्रपुर : भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान ने रामलीला कार्यालय में शनिवार को शक्ति केंद्र प्रभारी व शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक ली। इसमें मतदाता सूची के अनुसार पन्ना प्रमुख बनाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में महामंत्री अमित रस्तोगी, राजू नगदली, सुरेश जैन, ललित सक्सेना, सोनू सक्सेना, संदीप गुप्ता, सौरभ सक्सेना, बलवीर कांबोज, सतेंद्र दिवाकर, अरविंद चौरसिया, आनंद बल्लभ भट्ट, चंदन श्रीवास्तव, विशन दत्त जोशी, नवीन भट्ट निराला, जिलानी अहमद, सरफराज, ललिता पवार, सूरज नारायण मौजूद रहे।

## द केरला स्टोरी फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग की

पिथौरागढ़ : बजरंग दल ने प्रदेश सरकार से द केरला स्टोरी फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग की है।

शनिवार को बजरंग दल के प्रांत प्रमुख सोनम पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीएम रीना जोशी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। इस दौरान उन्होंने कहा कि फिल्म में पीड़ित बच्चियों पर हुए अत्याचार को दिखाया गया है। कहा कि इस फिल्म का प्रचार–प्रसार बेहद जरूरी है। यहां जिला संयोजक पवन नाथ, धीरज वर्मा, मोंटी बजरंगी, विनय पांडेय, हरीश खड़ायत, ललित ऐरी, महेश जोशी, दीपक बजरंगी, सूरज बिष्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, की नारेबाजी



रुद्रपुर : ग्राम सुरेंद्रनगर में चार दिनों से बिजली गुल होने से ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। साथ ही पावर कारपोरेशन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने जल्द ही बिजली सुचारु करने की मांग की है। मांगे पूरी नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। शनिवार को प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि चार दिन से सुरेंद्रनगर में बिजली गुल है। ऊर्जा निगम के अफसरों को जानकारी देने के बाद भी बिजली आपूर्ति नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि ऊर्जा निगम के अफसर ट्रांसफार्मर खराब होने की बात कर रहे हैं, बावजूद इसके चार दिन से ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। उन्होंने ऊर्जा निगम के अफसरों पर टालमटोली करने का आरोप लगाया है। वहीं एसडीओ अनुज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर फुंक गया था। इसे बदला जा रहा है। जल्द बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। यहां शकुंतला, जंगली प्रसाद, मुन्नी देवी, सुमारी देवी, गंगाराम, रामचंद्र, राजू प्रसाद, श्याम सुंदर, जीजिया देवी, शुभावती, सुशीला देवी, कुशमी, विभूति प्रसाद, लीलाधर शामिल रहे। (एजेंसी)

## संक्षिप्त समाचार

### एनसीसी दल प्रशिक्षण को रवाना

अल्मोड़ा : राजीव गांधी नवोदय विद्यालय चौनलिया का एनसीसी कैडेटों का दल 10 दिवसीय शिविर हेतू सुयाल बाड़ी के लिए शनिवार को रवाना हुआ। शिविर में 19 बालिका कैडेट प्रतिभाग कर रहीं है। इन 10 दिनों में वे शिविर में ड्रिल प्रशिक्षण, हथियार चलाना, मैप रीडिंग, एंव सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करंगे। दल को खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. रवि मेहता ने शुभकामनाएं देकर रवाना किया। इस दौरान प्राचार्य राज किशोर उनियाल, डॉ. खीला बहुगुणा, डॉ. पीपी पांडेय, हरपाल, अतुल, सोनी, दीपा, पंकज, शौरभ, आरती आदि रहे। (एजेंसी)

### मंत्री महाराज का जिला भ्रमण स्थगित

अल्मोड़ा : उत्तराखंड सरकार में लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघुसिंचाई, पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज का अल्मोड़ा दौरा अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गया है। मंत्री सतपाल महाराज का 7 मई का जिले के भ्रमण का कार्यक्रम था। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी विशिष्ट अभ्यागत की ओर से दी गई है। (एजेंसी)

### दस दिन से 108 सेवा ठप

नैनीताल : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी में पिछले दस दिन से 108 सेवा ठप है। किसी तरह आसपास के सेंटरों से एंबुलेंस बुलाकर काम चलाया जा रहा है। इस कारण स्थानीय मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 108 के डीपीओ अंकित राणा ने बताया कि गरमपानी सेंटर का वाहन देहरादून फिटनेस के लिए गया है। मरीजों को परेशानी न हो उसके लिए लगातार अन्य सेंटरों से वाहनों को लाया जा रहा है। (एजेंसी)

### अवैध निर्माण को ध्वस्त किया

रुद्रपुर : बाराकोली रेंज के बैगुल डाम गूजर बस्ती क्षेत्र में हुए अवैध निर्माण और धार्मिक ढांचे को वन विभाग की टीम ने ध्वस्त कर दिया। शनिवार को रेंजर महेंद्र सिंह रैकुनी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम बाराकोली रेंज के कक्ष संख्या सात बैगुल डाम गूजर बस्ती के पास पहुंची। यहां वन विभाग की भूमि पर धार्मिक ढांचा बना हुआ था।

# अवैध अतिक्रमण ध्वस्त किया



नैनीताल : नैनीताल में वन विभाग ने शहर के बारापत्थर क्षेत्र स्थित वनभूमि पर बनाए गए अस्तबल एवं अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। अफसरों ने क्षेत्र में गंदगी पर संबंधितों के खिलाफ चालानी कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए। शनिवार को एसडीएम राहुल साह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ बारापत्थर पहुंची। टीम ने यहां घोड़ों के लिए बनाए गए अस्थायी अस्तबल ध्वस्त कर दिए। साथ ही वन विभाग की भूमि पर किए गए स्थायी निर्माण को भी हटाया। एसडीएम ने बताया कि बारापत्थर में घोड़ा स्टैंड संचालित किए जाने के लिए वन विभाग की ओर से नगर पालिका नैनीताल को तीस वर्ष के लिए भूमि आवंटित की गई है, लेकिन इसके आसपास अवैध अतिक्रमण था। टीम ने सर्वे किया और नापजोख में पता चला कि आवंटित भूमि के अलावा भी यहां अतिक्रमण किया गया है। जिस पर कार्रवाई की गई। वन विभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी राजकुमार ने बताया कि बारापत्थर क्षेत्र में भी घोड़ा चालकों को पूर्व में नोटिस जारी कर वनभूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन घोड़ा चालकों ने अतिक्रमण नहीं हटाया।

## बिल्डर पर एक और ठगी का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : सामिया बिल्डर्स इंटरनेशनल बिल्डर के मालिक और डायरेक्टर पर एक और ठगी का मुकदमा दर्ज किया गया है। अब तब सामिया बिल्डर्स पर आठ मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। गाजियाबाद निवासी घनश्याम दत्त चतुर्वेदी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि सामिया लेकर सिटी के मालिक जमील अहमद खान, डायरेक्टर सगीर खान और कम्पनी में काम करने वाले अन्य लोगों ने फ्लैट देने के नाम पर 26 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। 13 साल पहले सामिया लेक सिटी से दो फ्लैट और मॉल में एक शॉप खरीदी थी। दोनों फ्लैट कंपनी ने अधूरे बनाकर उसे हैंड ओवर कर दिए थे। हैंड ओवर करने के बाद फ्लैटों की रजिस्ट्री भी नहीं की। फ्लैट्स में काफी काम बाकी था। वहीं मॉल में शॉप भी नहीं दी। इस पर जब रकम वापस मांगी तो धमकाते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी दी है। (एजेंसी)

# करोड़ों की ठगी करने वाला 3 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर : खटीमा में तीन साल से फरार चल रहे ठगी के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने चिट फंड कंपनी बनाकर सैकड़ों लोगों से करोड़ों की ठगी की है। पुलिस आरोपी के बैंक खाते और चल–अचल संपत्तियों की जांच कर रही है। सीओ वीर सिंह ने बताया कि खटीमा थाने में ज्ञानेश पाठक ने 2021 में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। पाठक का आरोप था कि सलीम अहमद उर्फ हाफिज सलीम निवासी फतेहउल्लागंज, ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद एक कंपनी बनाकर उनके एफडी, आरडी, लोन, सेविंग एकाउंट खोले। आरोपी इस कंपनी का डायरेक्टर और वाइस प्रेसीडेंट था। कंपनी के ऑफिस उत्तराखंड, यूपी, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान में थे। आरोपी ने 2014 से ही खटीमा के 956 लोगों के एक करोड़ 27 लाख रुपये ठग लिए। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपी तभी से फरार चल रहा था। आरोपी को पांच मई को काशीपुर ढेला पुल से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

# बैठक में महिलाओं के अधिकार बताएं

अल्मोड़ा : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा की ओर से शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में पैरालीगल वालंटियर्स के कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही प्लान ऑफ एक्शन के तहत किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। जिला न्यायालय में आयोजित बैठक में विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शचि शर्मा ने नालसा योजना के तहत दवाओं के दुरुपयोग और नशीली दवाओं के खतरे से पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं, सामाजिक मानसिक और शारीरिक संकट पैदा करने वाली नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव के बारे में व साइबर अपराध, महिलाओं के अधिकार, एसिड अटैक, घरेलू हिंसा, कर्मकार प्रतिकार अधिनियम, सालसा–नालसा ऑनलाइन पोर्टल आदि की जानकारी दी। साथ ही प्लास्टिक का उपयोग ना करने को जैविक एवं अजैविक कूड़े के संबंध में जानकारी दी गई।

## फार्मासिस्ट लौट आए काम पर

बागेश्वर। 15 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलित डिप्लोमा फार्मासिस्ट ऐसोसिएशन शनिवार से काम पर लौट आया है। जिला अस्पताल समेत अन्य चिकित्सालयों पर दवा वितरण आदि कार्य सुचारू हो गया है। ऐसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कपकोटी ने कहा कि सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य से वर्चुअल बैठक हुई। जिसमें चार मांगों पर सहमित बन गई है। एक सप्ताह के भीतर एक बैठक और होगी। जिसमें अन्य मांगों पर मंथन होगा।

## बैंक मैनेजर पर गार्ड ने लगाई आग

पिथौरागढ़ : एसबीआई के बैंक मैनेजर को आपसी विवाद के बाद बैंक गार्ड ने तेल छिड़ककर आग लगा दी। जिसके बाद किसी तरह आस पास खड़े लोगों ने आग बुझाई व उसे अस्पताल ले गए। शनिवार को एसबीआई में 10.30 बजे के करीब बैंक गार्ड व बैंक मैनेजर के बीच हुए विवाद से अफरा तफरी मची रही। बताया जा रहा है की बैंक गार्ड ने पेट्रोल डालकर मैनेजर को आग लगा दी। आस पास मौजूद लोगों ने किसी तरह आग बुझाई व मैनेजर को अस्पताल पहुंचाया। अभी उपचार चल रहा है।

पुलिस ने बैंक गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले के बाद बैंक में कामकाज ठप हो गया है। (एजेंसी)

# नैनीताल में पर्यटकों की रौनक, व्यापारियों के चेहरे खिले



नैनीताल : बारिश के लंबे दौर के बाद नैनीताल में एक बार फिर पर्यटकों की रौनक लौटती नजर आ रही है। शनिवार को एक बार फिर पर्यटक वाहनों की कतारें नजर आईं, लेकिन भीमताल, भवाली, मुक्तेश्वर में अब भी स्थिति में ज्यादा सुधार नहीं हुआ है। शनिवार को मौसम सामान्य होने पर पर्यटकों की आमद में इजाफा हो गया। सुबह से ही नैनीताल भ्रमण को पहुंचने वाले सैलानियों की भीड़ रही। पर्यटक वाहनों की अचानक संख्या बढ़ी तो सड़कों पर जाम लगने लगा। इस बीच सड़कों पर वाहन रेंगते हुए नजर आए। दोपहर बार नगर में सैलानियों की संख्या बढ़ गई। पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन के साथ ही अन्य दार्शनिक स्थलों पर पहुंचकर प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया। हालांकि रामगढ़, भवाली, कैंचीधाम, मुक्तेश्वर के पर्यटन और धार्मिक स्थल सुनसान पड़े हैं। कैंचीधाम में भी खराब मौसम के बाद श्रद्धालुओं की आमद कम हो गई है। राजेन्द्र प्रसाद कपिल, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष भवाली ने बताया कि बारिश के चलते पर्यटन कारोबार ठंडा रहा। पर्यटक पहाड़ों में मूसलाधार बारिश से पहाड़ को रुख करने से बचे। जिससे कारोबारियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। फिर मौसम खराब होने की खबर से कारोबारी परेशान हैं। (एजेंसी)

# जेसीबी से ध्वस्त किये सरकारी भूमि पर अतिक्रमण



काशीपुर। शासन के आदेश पर प्रशासन और नगर निगम की टीम ने सड़क किनारे सरकारी भूमि से करीब तीन दर्जन अतिक्रमण जेसीबी से ध्वस्त कर दिये। वहीं कुछ स्थानों पर अतिक्रमणकारियों ने खुद ही सामान हटा दिया। इस दौरान टीम को हल्का विरोध भी झेलना पड़ा। शनिवार को तहसीलदार युसुफ अली के नेतृत्व में प्रशासन और नगर निगम की टीम ने मुरादाबाद रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जहां टीम ने लगभग तीन दर्जन स्थानों पर सरकारी भूमि पर लगे खोखे, अतिक्रमण कर बनाई दुकानों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। इस दौरान टीम को कुछ स्थानों पर हल्का विरोध भी झेलना पड़ा। लेकिन फिर भी टीम ने अतिक्रमण को ध्वस्त कर ही दिया। इस दौरान टीम को देखकर कुछ अतिक्रमणकारी खुद ही अपना सामान हटाते हुए नजर आए। जहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली पुलिस समेत सीपीयू कर्मी तैनात रहे। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि शासन के आदेश पर अमिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया है।

## दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट, दो युवक घायल

चम्पावत। लोहाघाट के गलचौड़ा में दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट हो गई। जिसमें दो युवक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। गलचौड़ा गांव में शुक्रवार की देर शाम बाइक में सवार दस से बारह युवाओं ने एक घर में धावा बोल दिया। धारदार हथियार लेकर युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। जिसमें गलचौड़ा निवासी रोहन और कमल को गंभीर चोटें आ गई। साथ ही अमित, सुमित, रोशन कुमार के अलावा महिलाओं को मामूली चोट आई। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर गांव से फरार हो गए।

# सस्ता गल्ला विक्रेता सोमवार से उठाएंगे राशन

चम्पावत। सस्ता गल्ला विक्रेताओं ने मानदेय सहित विभिन्न मांगे पूरी न होने पर जिले में छठे दिन भी दिन भी हड़ताल जारी रखी, लेकिन इसी बीच डीलर्स ने सोमवार से राशन उठाने का निर्णय लिया। संगठन के जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह बोहरा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बताया कि वह लंबे समय से मानदेय सहित कई मुद्दों पर आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन अब तक सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 से वर्तमान तक का लंबित राशन ढुलान बिलों का भुगतान करने की मांग और ऑनलाइन वितरण के सारे खर्चे देने की सरकार से मांग करते आ रहे हैं। अध्यक्ष बोहरा ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व ने हड़ताल को फिलहाल स्थगित कर दिया है। लेकिन जिले में इसकी सूचना नहीं है। उन्होंने निर्णय लिया कि सोमवार को वह राशन का उठान करेंगे और मंगलवार से वह विधिवत दुकानें खोलेंगे। यहां हड़ताल पर चंद्रमोहन जोशी, राजीव मुरारी, सुरेश जोशी, विक्रम सिंह, दिनेश देऊ केदार दत्त जोशी, लाल सिंह, हरीश चंद्र, नरेश चंद्र पांडेय, प्रीतम सिंह, प्रदीप सिंह लडवाल, विपिन चंद्र गड़कोटी, राजेंद्र सिंह, लाल सिंह, कृष्ण सिंह, होशियार सिंह धौनी रहे।

# ऊर्जा निगम ने पांच दिन से नहीं बदला फुंका ट्रांसफार्मर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड बीरोंखाल अंतर्गत महाबीर चक्र विजेता बाबा जसवंत सिंह रावत के गांव बाड़ियूं ट्रांसफार्मर में अकाशीय बिजली गिरने से पांच दिनों से फुंका ट्रांसफार्मर ऊर्जा निगम नहीं बदल पाया। इससे ग्रामीण अंधेरे में रात बिता रहें हैं। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर नहीं बदलने पर आंदोलन की चेतावनी दी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली नहीं होनें से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही हैं। लोगों को मोबाइल चार्ज करने के लिए दुनाऊं बीरोंखाल, कांडा जाना पड़ रहा हैं।

बाड़ियूं गांव निवासी प्रदीप सिहं रावत, शिव सिहं रावत, विक्की रावत, अनीता देवी, संगीता देवी, विनीता देवी, बीरा देवी ने बताया कि पांच दिन पूर्व ट्रांसफार्मर में अकाशीय बिजली गिरने से गांव की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई हैं। जिससे ग्रामीण अंधेरे में रात काटने को मजबूर हैं। ग्रामीण शाम ढलते ही जंगली जानवरों के भय से अपने घरों में कैद हो जाते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अगर जल्द ट्रांसफार्मर नहीं बदला तो वे स्यूंसी उपखंड में आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। उधर स्यूंसी उपखंड अवर सहायक अभियंता बीएस चौहान का कहना हैं कि बाड़ियूं में ट्रासफार्मर फुंकने की सूचना उच्च अधिकारियों को भेजी जा चुकी है। उधर, ऊर्जा निगम धुमाकोट अधिशासी अभियंता शैलेन्द्र सिहं बिष्ट ने बताया कि बाड़ियूं में ट्रांसफार्मर में अकाशीय बिजली गिरने की सूचना मिली हैं। एक दो दिन में ट्रासफार्मर को बदल दिया जाएगा।

## महिला समूह को योजनाओं से जोड़कर मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाएं

नई टिहरी : प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने शनिवार को टीएचडीसी गेस्ट हाउस में कोटेश्वर बांध परियोजना से प्रभावित लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर मंत्री सुबोध ने टीएचडीसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिस भी प्रोजेक्ट पर काम किया जाता है, उसमें स्थानीय लोगों को प्राथमिकता पर रोजगार से जोड़ना सुनिश्चित करें।मंत्री ने बैठक में मौजूद टीएचडीसी, पुनर्वास एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महिला समूह को भी जागरूक कर योजनाओं से जोड़कर मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनायें। कहा कि कोटेश्वर डैम निर्माण में स्थानीय लोगों ने पूरा सहयोग दिया है। जिनकी जमीन पर परियोजना बनी है, उन्हें लाभ देने से वंचित न करें, क्षेत्र की आजीविका एवं अन्य छोटी—छोटी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही करना सुनिश्चित करें।

## जाखणीधार व अंजनीसैंण के ग्रामीण टूटी सड़कों से परेशान

नई टिहरी : कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री शांति प्रसाद भट्ट ने जाखणीधार व अंजनीसैंण क्षेत्र में सड़कों की दुर्दशा को लेकर कहा कि ग्रामीण टूटी सड़कों से परेशान है। और भाजपा नेता यह कहते नहीं थकते कि राज्य में डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने कहा कि बदहाल सड़कों की फोटो सहित सीएम को सड़कों की दशा सुधारन को ज्ञापन भेजा जायेगा।

मीडिया को जारी एक बयान में भट्ट ने कहा कि उन्होंने जाखणीधर व अंजनीसैंण का दो दिवसीय दौरा किया तो सामने आया कि कांग्रेस के कार्यकाल में जो सड़कें पूरी तरह से ठीक थी। वे अब पूरी तरह से टूट चुकी है। सबसे बूरी स्थिति अंजनीसैंण बाजार में सड़क की है। जो पैदल चलने योग्य भी नहीं रह गई है। यहां सड़क जगह—जगह बड़े—बड़े गड्ढों और कीचड़ से भरी है। (एजेंसी)

# अधिकारी दायित्व का निर्वहन तत्परता से करें : सीडीओ

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने यात्रा मार्ग तैनात किये गये अधिकारियों को उन्हें सौपें गये दायित्व का निर्वहन तत्परता से करने को कहा। उन्होंने तैनात किये गये अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जिस तिथि को जिस अधिकारी की तैनाती की गयी है वह निर्धारित तिथि को गौरीकुण्ड से केदारनाथ पैदल भ्रमण करेगें तथा यात्रियों की सुविधा हेतु स्थापित व्यवस्थाओं का परीक्षण करेगें। व्यवस्थाओं हेतु उत्तरदायी विभागों एवं संस्थानों से समन्वय करते हुए असुविधाओं के निराकरण का प्रयास करेगें। संलग्न प्रारूप पर सूचना उन्हें एवं जिला कार्यालय व यात्रा कन्ट्रोल रूम को उपलब्ध करायेगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि उन्हें सौपे गये दायित्वों का निर्वहन कुशलता के साथ करे। ताकि केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थयात्रियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सके।

श्री केदारनाथ धाम यात्रा को सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए केदारनाथ धाम दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों को विभिन्न विभागों के द्वारा की गयी व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का निरंतर जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जिला स्तरीय अधिकारियों की तैनाती की है। मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में यात्रा मार्ग तैनात किये गये अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। सीडीओ ने कहा कि श्री केदारनाथ यात्रा मार्ग में गौरीकुंड से केदारनाथ तक के पैदल मार्ग में यात्रियों की आरामदायक व सुगम यात्रा हेतु विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाऐं जिला प्रशासन के द्वारा स्थापित की गई हैं। साथ ही यात्रा को और अधिक सुविधाजनक बनाए जाने के दृष्टिगत कई नई सुविधाएं स्थापित की जा रही है। जिसमें मुख्यतः मार्गों का पुनर्निर्माण, रैलिंग व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट, पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य उपचार केन्द्र मार्ग की सफाई व्यवस्था, रेस्टोरेन्ट, दुकानों में रेट लिस्टों का प्रदर्शन, डण्डी-कण्डी व घोड़े खच्चरों की व्यवस्था, जीएमवीएन एवं निजी स्वामियों द्वारा आवासीय एवं टैण्टों की व्यवस्था के अलावा घोड़े खच्चरों के पानी पीने के लिए चरहियों, उनके स्वास्थ्य उपचार हेतु पशुचिकित्सा केन्द्रों की स्थापना की गई है। उक्त व्यवस्थाओं के पर्यवेक्षण एवं निगरानी तथा यात्रियों की समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण हेतु स्थान सोनप्रयाग, गौरीकुण्ड, भीमबली, लिनचोली, केदारनाथ हैलीपैड एवं केदारनाथ मंदिर हेतु सेक्टर/सहायक सेक्टर अधिकारियों के अलावा पर्याप्त मात्रा में वाईएमएफ, डीडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीआरडी एवं पुलिस बलों की तैनाती की गई है।

## भूमि पूजन कर हनुमान चौक की आधारशिला रखी

उत्तरकाशी : नगर पालिका चिन्यालीसौड़ में शुरू किए गए बड़े प्रोजेक्टों में शामिल श्री हनुमान चौक की नींव बुद्ध पूर्णिमा की शाम शुक्रवार को भूमि पूजन कर सुरकंडा मंदिर के पास रख दी गई। हनुमान चौक की नींव रखने के बाद यहां लगे हनुमान झंडे के नीचे देर रात तक लोग सेल्फी लेकर इंटरनेट पर वायरल करते रहे।

# सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

श्रीनगर गढ़वाल : पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद तीरथ सिंह रावत ने यहां भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मोदी सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ जन—जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में देश के कोने-कोने तक विकास योजनाएं पहुंची हैं। जिसका लाभ आम जन को मिल रहा है। कहा जल जीवन मिशन जैसी महत्वकांक्षी योजनाओं से गांवों में पेयजल संकट से निजात मिली है।

पत्रकारों से बातचीत में सांसद तीरथ ने कहा कि मोदी के कार्यों की समीक्षा एवं नौ वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर देश भर में सभी सांसद मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में प्रवास करेंगे।

कहा गढ़वाल संसदीय क्षेत्र में वह 15 मई से 15 जून तक प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान संसदीय क्षेत्र में जनता को मोदी सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं जैसे आयुष्मान, उज्जवला, गरीब कल्याण योजना, जल जीवन मिशन आदि योजनाओं की जानकारी व इनका लाभ उठाने को प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास घर-घर तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

मौके पर वरिष्ठ भाजपाई अतर सिंह असवाल, श्रीनगर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण, जितेंद्र रावत, लखपत सिंह भंडारी, शशि रतूड़ी, क्रांति किशोर, डॉ. सुधीर जोशी, संजय गुप्ता, मीना असवाल, वासुदेव कंडारी, सरिता आर्य, संदीप रावत, विजय रावत, उषा कंडारी, सौरभ जैन, विनय घिल्डियाल, मोनिका कंडारी, बीपेंद्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## मांगों पर कार्रवाई न होने से एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्लाओं में आक्रोश

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति की पूर्व में हुए समझौते के तहत गुरिल्लाओं का समायोजन अभी तक नहीं होने और सत्यापन की प्रक्रिया को लेकर कोई कारगर कदम नहीं उठाएं जाने पर नाराजगी जताई है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। शनिवार को पौड़ी में समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बह्मानंद डालाकोटी की अगुवाई में हुई बैठक में गुरिल्लाओं ने विभिन्न मसलों पर चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि विभिन्न मांगों को लेकर 17 मई को देहरादून में आवश्यक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें आगामी रणनीति तय करते हुए सीएम और अन्य मंत्रियों से मुलाकात भी जाएगी। यदि इसके बावजूद मांगों पर कोई कार्यावाही नहीं होती तो समिति आंदोलन को तेज करने के लिए बाध्य होगी। समिति अध्यक्ष डालाकोटी ने कहा कि सिफारिशों के अनुरूप अभी तक गुरिल्लाओं का समायोजन नहीं हो पाया है। जबकि छुटे हुए गुरिल्लाओं का सत्यापन भी नहीं हो रहा है। प्रदेश सरकार से मांग की गई कि समय -समय पर हुए शासानादेश पर कार्यवाही की जाए। बैठक में जिलाध्यक्ष मान सिंह नेगी, अजय वेदवाल, प्रेम सिंह, रघुवीर सिंह, आनंद सिंह, राकेश मोहन, नरेंद्र कुमार, ललित मोहन, मनोहर लाल, सीता देवी, सावित्री देवी, कवियत्री, शकुंतला, गुड्डी आदि मौजूद रहे।

# मैं लौट कर आऊंगा चिनार पुस्तक का किया विमोचन

श्रीनगर गढ़वाल : कल्याणेश्वर धर्मशाला श्रीनगर में हिमालयन कला एवं साहित्य परिषद चेरिटेबल ट्रस्ट श्रीनगर गढ़वाल के तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय जोशीमठ में असिस्टेंट प्रोफेसर एवं साहित्यकार डॉ. चरण सिंह केदारखंडी के काव्य संग्रह मैं लौट कर आऊंगा चिनार का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रो. डीआर पुरोहित ने कहा कि इस पुस्तक में आम कश्मीरी की व्यथा कथा का दस्तावेजीकरण किया गया है। उन्होंने लेखक द्वारा किए गए बेहतर संयोजन की सराहना की। विशिष्ट अतिथि डायट देहरादून के प्राचार्य राकेश जुगराण ने कहा कि कश्मीरी पंडितों के दर्द को उकेरती और घाटी के जल, जमीन, जंगल से एक दिन लौट आने का वादा करती इस पुस्तक में 60 कविताओं का संग्रह किया गया है। पुस्तक सभी मानकों पर खरी उतरती है।

कार्यगिम की अध्यक्षता हिमालय साहित्य कला परिषद की मुख्य ट्रस्टी प्रो. उमा मैठाणी ने की। जबकि संचालन नीरज नैथानी व डा. प्रकाश चमोली ने सयुंक्त रूप से किया। पुस्तक के लेखक डा. चरण सिंह केदारखंडी ने सभी का धन्यवाद एवं आभार जताया। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णानंद मैठाणी, विमल बहुगुणा, जयकृष्ण पैन्युली, राजीव विश्नोई, गंगा असनोडा थपलियाल, देवेंद्र उनियाल, महेश गिरि, वासुदेव कण्डारी, बीरेंद्र रतूडी, शम्भू प्रसाद भट्ट, आरपी कपरवाण, अनिल स्वामी, डॉ. दीपक, रेखा रावत, माधुरी नैथानी, संदीप रावत, रक्षा उनियाल, रेखा चमोली, पूनम रतूड़ी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## रैली निकालकर किया पर्यटन को लेकर जागरूक

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद और हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के संयुक्त तत्वावधान में सारी गांव, देवरिया ताल, चोपता तुंगनाथ मार्ग पर सैर सलीका अभियान संचालित किया गया। इसके तहत पर्यटक गाइड प्रशिक्षु के 35 सदस्यीय दल ने कुंड, ऊखीमठ, सारी गांव, वनियाकुंड, चोपता में जिम्मेदार पर्यटन के लिए जागरूकता रैली के साथ ही स्वच्छता अभियान चलाया।

इस दौरान यहां बिखरे प्लास्टिक कूड़े को एकत्रित किया। जिसमें पर्यटकों ने भी सहभागिता प्रदान की। पर्यटक गाइड प्रशिक्षणार्थियों ने मक्कू गांव का भी भ्रमण किया और स्थानीय ख्याति प्राप्त बर्ड वाचर गाइड यशपाल नेगी से बर्ड वाचिंग पर्यटन पर जानकारियां दी।

मौके पर पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के लाइसेंस प्राप्त गाइड जगदीश चमोला ने प्रशिक्षुओं को स्थानीय पर्यटन की विशेष जानकारियां साझा की। गढ़वाल विश्वविद्यालय से डा. राहुल बहुगुणा, राकेश कोठारी तथा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्तमुनि के डा. केपी चमोली सहित कई प्राध्यापक इस अभियान में सम्मिलित हुए। डॉ. राहुल बहुगुणा ने बताया कि सैलानियों द्वारा इन पर्यटन स्थलों पर जिम्मेदार पर्यटन में भूमिका में उदासीनता के कारण यह क्षेत्र प्लास्टिक कचरे से निरंतर दूषित हो रहा है। कूड़ेदानों से उचित निस्तारण न होने के कारण भी कचरे के ढेर बन रहे हैं। (एजेंसी)

## खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की

नई टिहरी : नरेंद्रनगर के सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र सिंह चौहान ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर ब्लाक की शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने का आरोप लगाया है। इन्होंने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि ब्लाक के शिक्षा अधिकारी ब्लाक के शिक्षकों को एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय में समायोजित करने का काम कर रहे हैं। जिससे ब्लाक में शिक्षा व्यवस्था चौपट होती जा रही है।

# मानसखण्ड झांकी पहुंची गोपेश्वर, किया भव्य स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि।**




चमोली : शुक्रवार देर सांय को उत्तराखण्ड की मानसखण्ड झांकी के गोपेश्वर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

झांकी को देखने के लिए लोगों में उत्साह बना रहा। मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर झांकी को ब्लॉकों के लिए रवाना किया।

गणतंत्र दिवस परेड में उत्तराखण्ड की मानसखण्ड झांकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। झांकी में जागेश्वर महादेव मंदिर समूह, ऐपण कला, वन, कार्बेट नेशनल पार्क, राज्य पक्षी मोनाल, राज्य वन पशु कस्तूरी मृग, छोलिया नृत्य आदि को सुन्दर तरीके से दर्शाया गया है। झांकी को प्रदेश के सभी ब्लॉकों में दिखाया जा रहा है। शुक्रवार को झांकी के गोपेश्वर पहुंचने पर स्थानीयों ने जोरदार स्वागत किया। शनिवार को विकास भवन से मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने मानसखण्ड झांकी को हरी झण्डी दिखाकर ब्लॉकों के लिए रवाना करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की झांकी का देश में प्रथम स्थान पर आना हमारे लिए गौरव का विषय है। इससे विशेषकर युवाओं को उत्तराखंड राज्य की सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि 9 मई तक झांकी जनपद के सभी ब्लाकों में प्रदर्शित की जाएगी।

## एसपी ने 46 कार्मिक सम्मानित किए

रूद्रप्रयाग : यात्रा व्यवस्था से संबंधित ड्यूटियों में नियुक्त 46 पुलिस कार्मिकों को पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे द्वारा सम्मानित किया गया। केदारनाथ धाम यात्रा 2023 अवधि में चौकी केदारनाथ व चौकी लिंचौली क्षेत्र के बीच 3 मई की सांयकाल कुबेर गदेरे के समीप आए ग्लेशियर के कारण पैदल यात्रा मार्ग बाधित हो गया था जिस पर स्थानीय जिला प्रशासन, लोनिवि, पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ द्वारा मार्ग को खुलवाए जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा भैरव गदेरे के पास भी ग्लेशियर आने से यहां पर भी मार्ग खुलवाया गया। इन स्थानों पर वर्तमान में यात्रियों की सुरक्षित ढंग से आवाजाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे द्वारा ऐसे 46 कार्मिकों को सम्मानित किया गय है। इन कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र एवं उचित नगद पुरस्कार प्रदान किया गया है। बहुत जल्द इनके प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार इनके तैनाती स्थल पर भिजवाकर वितरित किए जाएंगे। सम्मानित होने वाले कार्मिकों में 16 एनडीआरएफ, 24 एसडीआरएफ, चौकी केदारनाथ में 3 व चौकी लिंचौली से 3 कार्मिक हैं। (एजेंसी)

## प्रभावित काश्तकारों ने मुआवजा देने की मांग की

नई टिहरी : लखवाड़ जल विद्युत परियोजना से प्रभावित होने वाले काश्तकारों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नैनबाग में बैठकर विभिन्न मांगों पर चर्चा की। बैठक में प्रभावित काश्तकारों को उचित मुआवजा देने के साथ उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किये जाने की मांग की गई।नैनबाग क्षेत्र में यमुना नदी पर प्रस्तावित 320 मेगावाट लखवाड़ जल विद्युत परियोजना से प्रभावित होने वाले काश्तकारों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नैनबाग स्थित लोनिवि गेस्ट हाउस में बैठक कर समस्याओं पर चर्चा की। नैनबाग अनुसूचित जनजाति विकास मेला समिति सचिव प्रदीप कवि ने कहा कि जल विद्युत परियोजना के निर्माण से जौनपुर तहसील के रणोगी और कुणा गांव की करीब 60 प्रतिशत से अधिक भूमि प्रभावित होगी। प्रभावित ग्रामीणों को समय पर उचित मुआवजा देने के साथ ग्रामीणों को रोजगार भी मिलना चाहिए। लखवाड़ बांध परियोजना एवं श्रम समिति के अध्यक्ष बचन सिंह पुंडीर ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर परियोजना से प्रभावित होने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। बताया इस संबंध में उच्चधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत करवाया जाएगा। बैठक में प्रदेश सरकार की ओर से जौनुपर क्षेत्र की नैनबाग और धनोल्टी तहसील को देहरादून जिले में शामिल किये जाने पर भी चर्चा हुई।

## 1.20 लाख की स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

उत्तरकाशी : उत्तरकाशी कोतवाली पुलिस ने 11.20 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ कोतवाली में एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने पकड़ी गई स्मैक की बाजार कीमत एक लाख बीस हजार रूपये आंकी है।

एसपी अर्पण यदुवंशी ने शनिवार को प्रेस वार्ता में बताया कि चारधाम यात्रा के बीच पुलिस लगातार अवैध नशे के खिलाफ अभियान चलाकर जरूरी कार्रवाई कर रही है।




# सबके मन की बात

**अजय दीक्षित**

पीएम नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की सौवीं कड़ी पूरी हो गई है। इस अवसर पर देश और विदेश में जिस तरह का उत्साह देखा गया, उससे पता लगता है कि प्रधानमंत्री द्वारा सामान्य व्यक्ति के रोजमर्रा के जीवन को मन की बात में अपनी वार्ता का विषय बनाना निस्संदेह सराहनीय और अभिनव प्रयोग रहा है। प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम में गैर–राजनीतिक मुद्दे उठाए जाते हैं जो सीधे– सीधे आम आदमी के सामाजिक जीवन से जुड़े होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मन की वात को सबके मन की बात भी कहा जा सकता है। उन्होंने कहा भी कि मन की वात कोटि–कोटि भारतीयों के मन की बात है। उनकी भावनाओं का प्रकटीकरण है। प्रधानमंत्री मोदी का विश्वास है कि मन की बात आज एक कार्यक्रम नहीं, वल्कि आस्था, पूजा और व्रत है, आध्यात्मिक यात्रा है । स्व से समिष्टि और अहम से वयम की यात्रा है। इसका अर्थ है कि मन की वात व्यक्ति से शुरू होकर सार्वभौमिक हो जाना और अहंकार से मुक्त होकर पूर्णता को प्राप्त करना है। मन की बात की सौवीं कड़ी संयुक्त राष्ट्र से लेकर अमेरिका, इंग्लैंड, यूक्रेन और न्यूजीलैंड तक देखी और सुनी गई। केंद्र और कई राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा ने सौवीं कड़ी को विराट आयोजन में वदल दिया। पार्टी ने दावा किया है कि करीव चार लाख स्थलों पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में वेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत अभियान, आजादी का अमृत महोत्सव, खादी को लोकप्रिय बनाने और प्रकृति से जुड़े अपने कार्यक्रमों का जिक्रकिया। दसवीं और वारहवीं के वोर्ड की परीक्षाओं में छात्रों को होने वाले मानसिक तनाव जैसे मुद्दे भी इस कार्यक्रम में उठाए जाते हैं और तनाव से मुक्त होने के उपाय भी सुझाए जाते हैं। ये सभी वास्तविक मुद्दे हैं, और इनको सभी व्यक्तियों द्वारा राजनीति से परे देखा जाना चाहिए। भले ही विरोधी राजनीतिक दल इस कार्यक्रम की आलोचना करें, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सामान्य जन के मुद्दों को अपने संवाद के केंद्र में लाना सराहनीय पहल है। वास्तविकता तो यह है कि गैर–राजनीतिक मुद्दों को महत्त्व देना भी एक महत्त्वपूर्ण वात है। अहम बात यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कभी इस मंच का राजनीतिक इस्तेमाल नहीं किया। गौर करने वाली वात है कि जव प्रधानमंत्री की सामान्य व्यक्ति से बात होती है, और प्रधानमंत्री द्वारा सामान्य व्यक्ति की उपलब्धियों की चर्चा की जाती है, तो यह समूचा प्रसंग प्रेरक वन जाता है।

# त्रिपुरा में कांग्रेस–लेफ्ट का तालमेल रहेगा!



इस साल हुए त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और सीपीएम ने मिल कर चुनाव लड़ा था। हालांकि इसका कोई फायदा नहीं हुआ। कांग्रेस को जरूर तीन सीटें मिल गईं, लेकिन सीपीएम की सीटें 16 से घट कर 11 रह गईं। दोनों के साथ आने से वोट प्रतिशत में भी कोई फर्क नहीं आया। इसके बावजूद बताया जा रहा है कि कांग्रेस और लेफ्ट का तालमेल जारी रहेगा। जानकार सूत्रों के मुताबिक दोनों पार्टियों के बीच अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव साथ मिल कर लडऩे की बात हो रही है। हालांकि त्रिपुरा में सिर्फ दो ही लोकसभा सीटें हैं और दोनों पर भाजपा जीती है। इसके बावजूद अगर दोनों पार्टियों के बीच तालमेल होता है तो यह बड़ी बात होगी।

बताया जा रहा है कि कांग्रेस इस बात के लिए तैयार हो सकती है कि दोनों लोकसभा सीटों पर सीपीएम लड़े क्योंकि कांग्रेस के पास राज्य में बहुत मजबूत आधार नहीं है। जानकार सूत्रों के मुताबिक त्रिपुरा में तालमेल का मतलब होगा कि पश्चिम बंगाल और समूचे पूर्वोत्तर में दोनों पार्टियां साथ रहेंगी। तभी यह देखना दिलचस्प होगा कि पश्चिम बंगाल में विपक्षी एकता का क्या फॉर्मूला बनता है। अगर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का फॉर्मूला बनता है यानी हर सीट पर विपक्ष का एक उम्मीदवार उतारने की बात तय होती है तो कांग्रेस और लेफ्ट के साथ ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस का गठबंधन बनवाना होगा। कांग्रेस और लेफ्ट या कांग्रेस और तृणमूल का गठबंधन को आसान से बन जाएगा लेकिन तृणमूल और लेफ्ट के बीच तालमेल बनाना आसान नहीं होगा।

# परफ्यूम लगाने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, दिनभर महक रहेगी बरकरार

खुशबूदार परफ्यूम न केवल आपको अच्छी महक देता है, बल्कि यह आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। इसे लगाने के बाद आप दिनभर तरोताजा महसूस कर पाते हैं। हालांकि, कई लोगों को परफ्यूम लगाने का सही तरीका नहीं मालूम है, जिसके कारण इसकी खुशबू लंबे समय तक नहीं रह पाती। आइए आज हम आपको परफ्यूम लगाने के सही तरीके बताते हैं।

**परफ्यूम लगाने से पहले त्वचा को मॉइस्चराइज करना है जरूरी**

ज्यादातर लोग अपनी कलाइयों पर परफ्यूम लगाकर उन्हें आपस में रगड़ लेते हैं। हालांकि, ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे परफ्यूम की खुशबू फीकी हो जाती है। दरअसल, रगडऩे से फ्रिक्शन होता है, जो इत्र को गर्म करके इसकी खुशबू को बदल देता है। इस कारण सबसे पहले अपनी त्वचा को हल्के और बिना सुगंध वाले बॉडी लोशन से मॉइस्चराइज करें और फिर लंबे समय तक चलने वाली खुशबू के लिए त्वचा पर परफ्यूम छिड़कें।

**इन जगहों पर परफ्यूम स्प्रे करें**

शरीर के किसी भी हिस्से पर परफ्यूम छिड़कने के बजाय पल्स पॉइंट्स पर ध्यान केंद्रित करें क्योंकि ये क्षेत्र शरीर के गर्म हिस्से होते हैं, जो अतिरिक्त गर्मी बाहर निकालने में मदद करते हैं। इससे स्वाभाविक रूप से पूरे शरीर में खुशबू बनी रहती है। पल्स पॉइंट्स कोहनी के अंदर का हिस्सा, कान के पीछे, घुटनों के पीछे, पेट के नीचे और कलाई के अंदर वाले क्षेत्र हैं। घर पर खुशबूदार परफ्यूम बनाने के लिए ये तरीके अपनाएं।

**नहाने के बाद परफ्यूम का इस्तेमाल करें**

परफ्यूम की खुशबू को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए नहाने के तुरंत बाद परफ्यूम को स्प्रे करना चाहिए न कि घर से बाहर जाते समय।

**जीईएम की प्रतिस्पर्धी बोली जैसी पारदर्शी कार्यप्रणालियों ने सरकारी विभागों एवं उपक्रमों को करदाताओं के लगभग 40,000 करोड़ रुपये बचाने में मदद की है। इस तरह की पहलों ने मोदी सरकार को राजकोषीय स्थिति से समझौता किए बिना कल्याणकारी कार्यों पर होने वाले व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि करने में मदद की है। कई अर्थों में, जीईएम लोगों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के पक्ष में जबरदस्त मतदान किए जाने के बाद से शासन–प्रशासन में लाए गए बदलावों का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। लोग पिछली सरकार से तंग आ चुके थे, जो हमेशा भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी रहती थी।**

# गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस: एक बहुमूल्य रत्न!

**पीयूष गोयल**




गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जीईएम) ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के अंत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली। इसके माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकारों, विभिन्न आधिकारिक एजेंसियों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सहकारी समितियों ने किसी एक वित्तीय वर्ष में 50 लाख ऑनलाइन लेनदेन के जरिए दो लाख करोड़ रुपये (24 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक मूल्य की वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद की। यह समावेशी विकास, पारदर्शिता, दक्षता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वचनबद्धता का एक उत्कृष्ट प्रमाण है।

जीईएम सही अर्थों में एक रत्न है। इसने पुराने पड़ चुके आपूर्ति और निपटान महानिदेशालय (डीजीएसएंडडी) का स्थान लिया है। उचित रूप से, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के नए कार्यालय भवन, वाणिज्य भवन, का निर्माण उस भूमि पर किया गया है जहां कभी डीजीएसएंडडी हुआ करता था। इस भवन के शिलान्यास समारोह में, प्रधानमंत्री मोदी ने सही ही कहा था: अब 100 साल से अधिक पुराने इस संगठन को बंद कर दिया गया है और इसके स्थान पर डिजिटल तकनीक पर आधारित एक नए निकाय – गवर्नमेंट–ई–मार्केटप्लेस–को लाया गया है। जीईएम ने सरकार द्वारा आवश्यक वस्तुओं की खरीद के तौर–तरीकों को पूरी तरह से बदल दिया है।

अगस्त 2016 में स्थापित होने के बाद से, जीईएम के कामकाज में असाधारण प्रगति हुई है। इस पोर्टल पर होने वाले लेनदेन का कुल मूल्य 2022–23 में लगभग दोगुना होकर पिछले वित्तीय वर्ष में 1.07 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2.01 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्तीय वर्ष 2016–17 में 422 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ इसकी अनूठी यात्रा शुरू हुई थी।

इस पोर्टल का शुभारंभ वस्तुओं एवं सेवाओं की सार्वजनिक खरीद को प्रधानमंत्री के 'न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासनइ के मिशन और सरकारी प्रणालियों को ईमानदार, प्रभावी और सभी के लिए सुलभ बनाने हेतु प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की उनकी रणनीति के अनुरूप ढालने के उद्देश्य से किया गया था।

जीईएम की प्रतिस्पर्धी बोली जैसी पारदर्शी कार्यप्रणालियों ने सरकारी विभागों एवं उपक्रमों को करदाताओं के लगभग 40,000 करोड़ रुपये बचाने में मदद की है। इस तरह की पहलों ने मोदी सरकार को राजकोषीय स्थिति से समझौता किए बिना कल्याणकारी कार्यों पर होने वाले व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि करने में मदद की है।

कई अर्थों में, जीईएम लोगों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के पक्ष में जबरदस्त मतदान किए जाने के बाद से शासन–प्रशासन में लाए गए बदलावों का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। लोग पिछली सरकार से तंग आ चुके थे, जो हमेशा भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी रहती थी। उस सरकार के कई मंत्रियों के लिए तो विभिन्न अखबारों के मुख्य पृष्ठों पर छपने वाली शर्म और लांछन की रोज की खुराक ही उनकी जीवनशैली का एक आधार थी।

इस संदर्भ में, जीईएम का महत्व वित्तीय दृष्टि से इसकी अभूतपूर्व वृद्धि से कहीं अधिक है और यह अपने–आप में ई–कॉमर्स की किसी भी बड़ी कंपनी को ईर्ष्या से भर देने के लिए काफी है। इस नई प्रणाली ने सदियों पुरानी उन प्रक्रियाओं की जगह ली है जो अक्षमताओं और भ्रष्टाचार से ग्रस्त थीं। सरकारी खरीद अपारदर्शी, काफी समय लेने वाली, बोझिल और भ्रष्टाचार एवं निर्माताओं की गुटबंदी (कार्टेलाइजेशन) में लिप्त हुआ करती थी। केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोग ही प्रवेश संबंधी विशाल बाधाओं को पार कर पाते थे। खरीदारों के पास विशेषाधिकार प्राप्त और अक्सर बेईमान आपूर्तिकर्ताओं से ऊंची एवं बिना मोल–भाव वाली कीमतों पर घटिया सामान खरीदने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था। जबकि संभावित विक्रेताओं को सूचीबद्ध होने और फिर समय पर भुगतान पाने के लिए पूरी तरह से सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसी की दया पर निर्भर रहना होता था और दर–दर भटकना पड़ता था।

इसके उलट, इस प्रौद्योगिकी–संचालित प्लेटफॉर्म के जरिए विक्रेता पंजीकरण, ऑर्डर देने और भुगतान की प्रकिया में शायद ही कोई मानवीय हस्तक्षेप शामिल होता है। हर कदम पर खरीदार, उसके संगठन के प्रमुख, भुगतान करने वाले अधिकारियों और विक्रेताओं को एसएमएस और ई–मेल के जरिए सूचनाएं दीं जाती हैं।

कागजरहित, नकदरहित और फेसलेस जीईएम की यह प्रणाली खरीदारों को असंख्य विक्रेताओं से सीधे प्रतिस्पर्धी दरों पर वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद करने की आजादी देता है। यह नई प्रतिस्पर्धी प्रणाली प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल इंडिया की पहल पर आधारित क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला एक और कदम है। इसने सार्वजनिक खरीद के तौर–तरीकों को बदल दिया है और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और छोटे व्यापारियों के लिए लोकप्रिय सरकारी आर्डर हासिल करना संभव बनाया है।

ठोस आंकड़े और तीसरे–पक्ष द्वारा किए गए व्यावहारिक विश्लेषण जीईएम की सफलता की पुष्टि करते हैं। विश्व बैंक और आईआ-ईएम लखनऊ द्वारा किए गए एक स्वतंत्र अध्ययन में औसत मूल्य से औसतन 10 प्रतिशत की बचत का अनुमान लगाया गया है। विश्व बैंक का कहना है कि प्रत्येक नए बोलीदाता के जुडऩे से बचत में 0.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) के एक अध्ययन से यह पता चला है कि 2021–22 में वार्षिक लागत बचत 8 प्रतिशत –11 प्रतिशत के दायरे में थी। प्रधानमंत्री मोदी ने सही ही जीईएम के उद्देश्य को न्यूनतम मूल्य और अधिकतम आसानी, दक्षता व पारदर्शिता के रूप में अभिव्यक्त किया है।

इस पोर्टल पर 32 लाख से अधिक सूचीबद्ध उत्पादों के साथ 11,500 से अधिक उत्पाद श्रेणियां उपलब्ध हैं। इनमें 280 से अधिक श्रेणियां सेवा क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं और ये 2.8 लाख से अधिक सेवा संबंधी पेशकश करती हैं। जीईएम 67,000 से अधिक सरकारी खरीदार संस्थानों की खरीद संबंधी विविध जरूरतों को पूरा कर रहा है। इन संस्थानों ने सभी खरीदारों और विक्रेताओं को समान अवसर देने वाले जीईएम की मदद से लगभग 40,000 करोड़ रुपये की बचत की है।

मूल्य की दृष्टि से अगर देखें, तो विभिन्न राज्यों की ओर से लगभग 60 प्रतिशत ऑर्डर सूक्ष्म और लघु उद्यमों को दिए गए हैं। विभिन्न राज्यों ने दूर–दराज के क्षेत्रों में रहने वाले व्यवसायियों सहित अपेक्षाकृत कम सुविधा पाने वाले व्यवसायियों के लिए पहुंच में आसानी को दर्शाते हुए विभिन्न स्टार्ट–अप को भी 1,109 करोड़ रुपये के ऑर्डर दिए हैं। पुरानी और गहरी जड़ें जमा चुकी खरीद प्रक्रियाओं को पुनर्व्यवस्थित करने में पेश आने वाली व्यापक जटिलताओं को देखते हुए, जीईएम वैश्विक स्तर पर शुरू की गई बदलाव–प्रबंधन की सबसे बड़े कवायदों में से एक है और प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की कार्यशैली के अनुरूप है। टीकाकरण, मुफ्त भोजन के वितरण, एलईडी बल्बों को अपनाने, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के निर्माण और डिजिटल भुगतान में उल्लेखनीय वृद्धि आदि जैसे मामलों में दुनिया में अग्रणी होना इस कार्यशैली के कुछ उदहारण हैं।

इस पोर्टल की परिवर्तनकारी सफलता पूरी अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है क्योंकि यह रत्न अमृत काल के दौरान दक्षता और विश्वसनीयता को बढ़ा रहा है। खासकर उस समय में जब भारत प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व में 2047 तक एक विकसित देश बनने की राह पर अग्रसर है।

# कर्नाटक से करिश्मा लौटाने की कोशिश




**कर्नाटक में भी पहले दिन से यह माहौल बनाया गया है कि कांग्रेस को डीके शिवकुमार और सिद्धरमैया चुनाव लड़ा रहे हैं और अगर कांग्रेस जीतेगी तो इन दो नेताओं की वजह से जीतेगी। उसमें ज्यादा से ज्यादा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े को थोड़ा श्रेय दिया जा सकता है क्योंकि वे भी कर्नाटक के हैं। यह माहौल सिर्फ राजनीतिक कारणों से नहीं बना था, बल्कि मीडिया ने भी चुनाव को इसी तरह से प्रचारित किया था। मीडिया ने ऐसी धारणा बनाई कि अगर कांग्रेस जीतती है तो वह स्थानीय नेतृत्व की वजह से जीतेगी और हारेगी तो कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व की कमजोरी से हारेगी।**

कर्नाटक विधानसभा का चुनाव कांग्रेस के लिए सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, बल्कि आगे की राजनीतिक दिशा बनाने वाला चुनाव है, जिसका एक पहलू यह है कि पार्टी इसके बहाने नेहरू–गांधी परिवार का करिश्मा लौटाने की कोशिश कर रही है। अगर यह कोशिश कामयाब होती है तो राजस्थान से लेकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी यह संदेश जाएगा कि सोनिया गांधी का परिवार अब भी कांग्रेस को सत्ता दिला सकता है। यह संदेश बनाना इसलिए जरूरी है क्योंकि अभी प्रदेश के सभी क्षत्रप यह मानने लगे हैं कि अगर कांग्रेस जीतती है तो उनकी वजह से उसमें आलाकमान की कोई भूमिका नहीं होती है। इससे कांग्रेस आलाकमान यानी नेहरू–गांधी परिवार की नैतिक व राजनीतिक सत्ता कमजोर होती है।

कर्नाटक में भी पहले दिन से यह माहौल बनाया गया है कि कांग्रेस को डीके शिवकुमार और सिद्धरमैया चुनाव लड़ा रहे हैं और अगर कांग्रेस जीतेगी तो इन दो नेताओं की वजह से जीतेगी। उसमें ज्यादा से ज्यादा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े को थोड़ा श्रेय दिया जा सकता है क्योंकि वे भी कर्नाटक के हैं। यह माहौल सिर्फ राजनीतिक कारणों से नहीं बना था, बल्कि मीडिया ने भी चुनाव को इसी तरह से प्रचारित किया था। मीडिया ने ऐसी धारणा बनाई कि अगर कांग्रेस जीतती है तो वह स्थानीय नेतृत्व की वजह से जीतेगी और हारेगी तो कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व की कमजोरी से हारेगी। इसी तरह भाजपा के बारे में यह धारणा बनाई गई कि अगर भाजपा जीतती है तो नरेंद्र मोदी की वजह से जीतेगी और हारती है तो प्रदेश नेतृत्व की कमजोरी से हारेगी।

मीडिया के इस नैरेटिव को कांग्रेस आलाकमान ने समझा और उसके बाद प्रादेशिक नेतृत्व पर से फोकस हटाने का काम हुआ। उसके बाद ही तय हुआ कि पूरा गांधी परिवार प्रचार करेगा।

राहुल गांधी की रैलियां बढ़ाई गईं और साथ ही प्रियंका गांधी वाड्रा की भी ज्यादा रैली कराने का फैसला हुआ। इससे पहले प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिमाचल प्रदेश में प्रचार किया था और राहुल गांधी गुजरात गए थे। प्रियंका को हिमाचल की जीत का श्रेय मिला था और राहुल के नेतृत्व पर सवाल उठे थे। तभी यह कहा जा रहा था कि कर्नाटक में प्रियंका सिर्फ औपचारिकता के लिए प्रचार करने जाएंगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने अनेक रोड शो किए और रैलियां कीं।अब कहा जा रहा है कि सोनिया गांधी भी एक रैली करेंगी।

सोचें, पिछले कई चुनावों से वे कोई जनसभा नहीं कर रही हैं। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में भी सोनिया गांधी ने एक वर्चुअल रैली की थी। उसके अलावा हर राज्य के चुनाव के समय उनका एक वीडियो संदेश जारी होता था और वे एक चि्ी लिख देती थीं। लेकिन वे कर्नाटक के हुबली में छह मई को एक चुनावी रैली करेंगी। इस तरह सोनिया और राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने कर्नाटक प्रचार की कमान संभाली है। कांग्रेस के जीतने पर श्रेय उनको मिलेगा, जिससे उनकी धमक बनेगी और इसका असर बाकी राज्यों में भी दिखेगा, जहां साल के अंत में चुनाव होने वाले हैं।

# खाई बहुत चौड़ी है

राजनाथ सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री को बताया कि सीमा पर की घटनाओं ने द्विपक्षीय समझौतों को कमजोर कर दिया है। जब तक सीमा पर शांति कायम नहीं होती, संबंध सामान्य नहीं हो सकते। मगर चीन के बयान में संकेत दिया गया कि सब कुछ ठीक–ठाक है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू के साथ नई दिल्ली में हुई वार्ता का सार यही है कि आपसी रिश्ते को लेकर दोनों देशों की समझ में भारी अंतर बना हुआ है। ली शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने दिल्ली आए, तो दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों को आमने–सामने बैठ कर आपसी रिश्ते की समीक्षा करने का मौका मिला। बैठक के तुरंत बाद भारत की ओर से एक बयान जारी किया। चीन ने 24 घंटे बाद यानी अगले दिन अपना बयान जारी किया। साझा बयान जारी न होना अपने–आप में असहमति का संकेत होता है। बहरहाल, भारत के बयान में लहजा सख्त रहा। इसके मुताबिक चीनी रक्षा मंत्री को बताया गया कि सीमा पर की घटनाओं ने द्विपक्षीय समझौतों का आधार कमजोर कर दिया है। जब तक सीमा पर शांति कायम नहीं होती, द्विपक्षीय संबंध सामान्य नहीं हो सकते। मगर चीन के बयान में यह संकेत दिया गया कि सब कुछ ठीक–ठाक है।

इसमें भारत को नसीहत दी गई कि वह सीमा पर के विवाद को सही संदर्भ में रखे और इस बीच आपसी रिश्तों को मजबूत करना जारी रखे। कहा जा सकता है कि चीनी पक्ष के इस तरह भारतीय रुख से अप्रभावित रहने का मौका भारत सरकार ने ही दिया है। जून 2020 में प्रधानमंत्री ने एलान कर दिया था कि चीन की तरफ से कोई घुसपैठ नहीं हुई। फिर 2021 के आरंभ में केंद्रीय मंत्री और पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल वीके सिंह कह दिया कि चीन ने जितनी बार घुसपैठ की है, उससे ज्यादा ऐसा भारत ने किया है। सितंबर 2021 में मास्को में चीनी विदेश मंत्री के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर की मुलाकात हुई, जिसमें जयशंकर उस दस्तावेज पर दस्तखत करने को राजी हो गए, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा की जगह सीमा शब्द का इस्तेमाल किया गया था।

# सेहत के बारे में काफी कुछ बताते हैं कान, जानिए कैसे

क्या आपने कभी अपने कानों में कोई परिवर्तन या परेशानी महसूस की है? अगर हां तो ये लक्षण अंदरूनी स्वास्थ्य समस्याओं के संकेत हो सकते हैं और इन्हें नजरअंदाज करना मुसीबत खड़ी कर सकता है। हमारे कान हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसमें हमारी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के संकेत भी शामिल है। आइए आज हम आपको ऐसे ही 5 संकेतों के बारे में बताते हैं, जिन पर आपको ध्यान देना चाहिए।



**कम सुनाई देना** कम सुनाई देना अक्सर अनुवांशिक स्थितियों जैसे डाउन और टर्नर सिंड्रोम आदि से जुड़ा होता है। डाउन सिंड्रोम वाले लोगों में आमतौर पर अन्य शारीरिक बदलाव भी होते हैं। टर्नर सिंड्रोम सिर और गर्दन के तालमेल को प्रभावित कर सकता है और विकास सहित यौवन से जुड़ी समस्याएं पैदा कर सकता है। कम सुनाई देना दुर्लभ शार्प्रजेंज–गोल्डबर्ग और जैकबसेन सिंड्रोम का भी लक्षण हो सकता है। कान नहीं होंठ भी आंतरिक समस्याओं के बारे में बताते हैं।

**कर्णपालि पर लकीर** अगर आप अपने कान की कर्णपालि के बीच में लकीर देखते हैं तो यह आपके दिल के साथ संभावित समस्या का संकेत दे सकता है, जिसे फ्रैंक के संकेत के रूप में जाना जाता है। यह लकीर तब बनती है, जब दिल और कान के पास रक्त वाहिकाओं के आस–पास के ऊतक टूट जाते हैं। अगर आपको इस लक्षण के साथ सीने में दर्द या सांस की तकलीफ का अनुभव हो तो डॉक्टर से संपर्क करें।

**एकतरफा बहरापन** एकतरफा बहरापन से मतलब है कि किसी एक कान से सुनाई न देना और इसके विभिन्न कारण हो सकते हैं। इसमें कान में संक्रमण होना, मैल का जमाव या ध्वनिक न्यूरोमा नामक शामिल है। अगर यह ट्यूमर बढ़ता है और श्रवण तंत्रिका पर दबाव डालता है तो यह बहरेपन का कारण बन सकता है। ट्यूमर का पता लगाने के लिए चक्कर आना, चेहरे का लटकना और कानों में घंटी बजना जैसे अन्य लक्षणों पर ध्यान दें।

**लाल कान** कान के लाल होने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे धूप में रहना, हामीनल बदलाव या बुखार आदि। कभी–कभी कान लाल होना सामान्य बात है। हालांकि, अगर आप अक्सर माइग्रेन या क्लस्टर सिरदर्द के साथ लाल कान या जलन का अनुभव करते हैं तो यह रेड ईयर सिंड्रोम का संकेत हो सकता है। किसी भी अंदरूनी स्वास्थ्य समस्या की पहचान करने के लिए चिकित्सक जांच की ओर कदम बढ़ाएं।

**कान में दर्द** कान में दर्द की समस्या कभी भी किसी को भी हो सकती है। यह समस्या काफी पीड़ादायक होती है और इसके कारण लोग बुखार से भी ग्रसित हो जाते हैं। अक्सर कान के अंदर गंदगी जम जाने या फिर किसी तरह के संक्रमण की वजह से कान में दर्द होने लगता है। हालांकि, कानों के दर्द को नजरअंदाज न करें क्योंकि यह गंभीर अंदरूनी स्वास्थ्य समस्याओं का भी संकेत हो सकता है।

# पाक–चीन ने सीपीईसी पर सहयोग जारी रखने की बात दोहराई, भारत ने किया था परियोजना का विरोध

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान और चीन के विदेश मंत्रियों ने शनिवार को सीपीआईसी (चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारा) पर सहयोग जारी रखने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की। विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो और उनके चीनी समकक्ष किन गांग की सह–अध्यक्षता में इस्लामाबाद में 'पाकिस्तान–चीन रणनीतिक वार्ता' के चौथे संस्करण में यह बात कही गई। इससे एक दिन पहले भारत ने अरबो डॉलर की इस बुनियादी ढांचा परियोजना की कड़ी आलोचना की थी।


रेडियो पाकिस्तान की खबर के मुताबिक, पाकिस्तान और चीन ने सीपीईसी परियोजना के उच्च गुणवत्ता वाले विकास के लिए अपनी स्थायी प्रतिबद्धता दोहराई है। इससे पहले, गोवा में एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद एक विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस परियोजना की आलोचना की थी।

जयशंकर ने कहा था, मुझे लगता है कि तथाकथित चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर एससीओ की बैठक में एक बार नहीं बल्कि दो बार यह बहुत स्पष्ट कर दिया गया था कि कनेक्टिविटी प्रगति के लिए अच्छी है, लेकिन कनेक्टिविटी किसी देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन नहीं कर सकती है।

बिलावल ने किन गांग के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह साल सीपीईसी के एक दशक के पूरा होने का प्रतीक है। इसने पाकिस्तान में सामाजिक–आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और लोगों की आजीविका में सुधार को गति दी है।

सीपीईसी 60 अरब डॉलर की परियोजना है। यह गलियारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजर रहा है। भारत सीपीईसी का विरोध करता है क्योंकि यह पीओके से होकर गुजरता है। चीन को पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में ग्वादर बंदरगाह के माध्यम से अरब सागर तक पहुंच मिलती है।

बिलावल ने कहा, यह परियोजना दुनियाभर के सभी निवेशकों के लिए खुली एक विन–विन आर्थिक पहल बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अपने (सीपीईसी के) उच्च गुणवत्ता वाले विकास के लिए अपनी स्थायी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, सीपीईसी बेल्ट एंड रोड सहयोग (बीआरआई) का एक शानदार उदाहरण है, जो पाकिस्तान में सामाजिक–आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और लोगों की आजीविका में सुधार को गति देता है।



बिलावल ने यह भी कहा कि पाकिस्तान समय पर सहायता के लिए चीन का तहे दिल से आभारी है, क्योंकि हम वैश्विक अर्थव्यवस्था में चुनौतियों से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और चीन ने द्विपक्षीय संबंधों और बहुपक्षीय मंचों पर मुख्य राष्ट्रीय हितों के मुद्दों पर हमेशा एक–दूसरे का समर्थन किया है। हम जम्मू–कश्मीर विवाद पर सैद्धांतिक स्थिति सहित सभी मुद्दों पर चीन के दृढ़ समर्थन की सराहना करते हैं। हम पाकिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और राष्ट्रीय विकास के साथ–साथ जम्मू–कश्मीर विवाद पर सैद्धांतिक और न्यायसंगत रुख के लिए चीन के दृढ़ समर्थन की गहराई से सराहना करते हैं।

इससे पहले भारत ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तानी और चीनी नेताओं के बयानों की आलोचना की थी। विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने चीन और पाकिस्तान की टिप्पणी के जवाब में कहां था, हमने लगातार ऐसे बयानों को खारिज किया है और सभी संबंधित पक्ष इन मामलों पर हमारी स्पष्ट स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर और लद्दाख हमेशा भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से रहेंगे। किसी अन्य देश को इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।

चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि चीन बीआरआई के उच्च गुणवत्ता वाले विकास को बढ़ावा देने, सीपीईसी निर्माण में तेजी लाने, उद्योग, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी और आपदा रोकथाम और शमन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने और पाकिस्तान को अपनी अर्थव्यवस्था को बहाल करने और लोगों की आजीविका में सुधार करने में मदद करने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करने के लिए तैयार है।

संवाददाता सम्मेलन में बिलावल ने कहा कि पाकिस्तान और चीन दशकों से एक–दूसरे के साथ खड़े हैं और आने वाले दशकों में भी ऐसा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने राष्ट्रीय हितों के सभी मुख्य मुद्दों पर चीन का दृढ़ता से समर्थन करना जारी रखेगा। उन्होंने 'एक चीन नीति (वन चाइना पॉलिसी), ताइवान, तिब्बत, शिनजियांग, हांगकांग और दक्षिण चीन सागर सहित अपने सभी मुख्य मुद्दों पर' चीन के लिए पाकिस्तान के दृढ़ समर्थन को दोहराया।

बिलावल ने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है। उन्होंने कहा, हमने द्विपक्षीय सहयोग के सभी आयामों पर गहराई से विचारों का आदान–प्रदान किया। हम नए घटनाक्रमों के मद्देनजर हमारे दोनों देशों के परस्पर लाभ के लिए इस साझेदारी के महत्व पर सहमत हुए। मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान–चीन मित्रता अपरिवर्तनीय है और दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी गर्मजोशी और विश्वास बहु–सांस्कृतिक सहयोग का एक शानदार उदाहरण है।

उन्होंने कहा, चीन हमेशा पाकिस्तान पर अपने सबसे विश्वसनीय साझेदार और भरोसेमंद दोस्त के रूप में भरोसा कर सकता है। चीन के साथ दोस्ती पाकिस्तान की विदेश नीति की आधारशिला है। चीन के साथ पाकिस्तान की सदाबहार साझेदारी की केंद्रीयता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ब्लॉक राजनीति या किसी भी तरह की बड़ी शक्ति प्रतिस्पर्धा के खिलाफ है और विकास व कनेक्टिविटी की साझा चुनौतियों से निपटने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है।

## अमेरिका में इस सीजन में फ्लू से 149 बच्चों की मौत

**लॉस एंजेलिस एजेंसी,।** अमेरिका में इस सीजन में बच्चों में होने वाले फ्लू से 149 बच्चों की मौत हो गई है। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) की हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। इस मौसम में अब तक कम से कम 2.6 करोड़ लोग फ्लू की चपेट में आए हैं। इनमें से 2,90,000 अस्पताल में भर्ती हुए हैं, और फ्लू से 19,000 मौतें हुई हैं।

सीडीसी के आंकड़ों से पता चलता है कि 29 अप्रैल को समाप्त हुए नवीनतम सप्ताह में 900 से अधिक लोगों को फ्लू के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सीडीसी अनुशंसा करता है कि जब तक फ्लू की लहर जारी रहती है, तब तक छह महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को वार्षिक फ्लू का टीका लगवाना चाहिए।

## अमेरिकी एफ16 लड़ाकू जेट एयर बेस के पास दुर्घटनाग्रस्त

**सोल/प्योंगटेक , एजेंसी।** अमेरिकी सेना कोरिया (यूएसएफके) एफ–16 लड़ाकू जेट शनिवार को ओसान एयर बेस के पास एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, पायलट सुरक्षित रूप से बच गया और किसी नागरिक के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। स्थानीय अग्निशमन और पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सोल से 60 किलोमीटर दक्षिण में प्योंगटेक में सुबह करीब 9.30 बजे दुर्घटना हुई। जेट एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और आग लग गई, जिसके परिणामस्वरूप विमान अधिकतर नष्ट हो गया। उन्होंने कहा कि लेकिन किसी के हताहत होने या किसी नागरिक के नुकसान की खबर नहीं है क्योंकि सौभाग्य से आसपास कोई घर नहीं था।

यूएस 51वीं फाइटर विंग ने बाद में घोषणा की कि दुर्घटना सुबह करीब 9.45 बजे ओसान एयर बेस के पास एक मैदान में हुई, पायलट को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल दिया गया और नजदीकी चिकित्सा सुविधा में ले जाया गया। इसने कहा कि पायलट नियमित प्रशिक्षण उड़ान में हिस्सा ले रहा था और दुर्घटना की जांच की जा रही है।

## खालिस्तान कमांडो फोर्स चीफ परमजीत सिंह की हत्या, सोसाइटी में घुसकर बदमाशों ने मारी गोलियां

**लाहौर , एजेंसी।** खालिस्तान कमांडो फोर्स के प्रमुख परमजीत सिंह पंजवार उर्फ मालिक सरदार सिंह की हत्या कर दी गई है। उसकी शनिवार सुबह पाकिस्तान के लाहौर में कथित तौर पर गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। अलगाववादी संगठन दल खालसा के नेता कंवर पाल सिंह ने हमले में परमजीत सिंह पंजवार के मारे जाने की पुष्टि की। बताया गया है कि परमजीत जौहर कस्बे में सनफ्लावर सोसाइटी में अपने घर के पास सुबह करीब 6 बजे टहल रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात लोग आए और आतंकी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## बेंगलुरु में पीएम मोदी का मेगा रोड शो शुरू

**बेंगलुरु, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपने चुनाव अभियान के तहत शनिवार को यहां अपना मेगा रोड शो शुरू किया। आईटी सिटी में रविवार को आठ किलोमीटर का रोड शो शुरू करने से पहले वह 26.5 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे और लोगों का अभिवादन करेंगे।शहर की मुख्य सड़कों पर हजारों की संख्या में लोगों ने पीएम मोदी को बधाई दी, खुशी मनाई और उनके वाहन पर फूल बरसाए। उनके साथ बेंगलुरु दक्षिण के सांसद तेजस्वी सूर्या और बेंगलुरु सेंट्रल के सांसद पी.सी. मोहन मौजूद थे।

## एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर के संचालन पर रोक, जम्मू–कश्मीर में क्रैश होने के बाद सेना ने लिया फैसला

**नई दिल्ली एजेंसी ।** जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार (4 मई) को हुए भारतीय सेना का एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर क्रैश मामले में एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, रक्षा बल ने एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर के संचालन को रोक दिया है। गौरतलब है, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के हेलीकॉप्टरों से जुड़ी दो दुर्घटनाओं के बाद से यह हेलिकॉप्टर मैदान में ही खड़े हैं। इन हेलिकॉप्टरों को उड़ान भरे करीब एक महीने से अधिक का समय हो गया है।

जम्मू संभाग के किश्तवाड़ के दूर–दराज इलाके में सेना का ध्रुव हेलीकॉप्टर दुर्घटना का शिकार हुआ था। इसमें तीन लोग सवार थे। तीनों जख्मी हुए। उन्हें इलाज के लिए उधमपुर के सैन्य अस्पताल ले जाया गया था। मामले को लेकर सेना की तरफ से आए बयान में कहा गया था कि गुरुवार को करीब सवा ग्यारह बजे ऑपरेशनल मिशन पर रवाना हुए ध्रुव हेलीकॉप्टर ने किश्तवाड़ की मरुआ नदी के तट पर लैंडिंग के दौरान हादसे की चपेट में आया था। जानकारी के मुताबिक, पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को तकनीकी खराबी की सूचना दी थी।इसके तुरंत बाद बचाव अभियान मौके पर रवाना हुआ।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मिला डॉ. अंबेडकर पुरस्कार

### पूर्व राष्ट्रपति बोले– यूपी को भयमुक्त बनाने का किया काम

**मुंबई, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भारतरत्न डॉ अंबेडकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मुंबई के श्री षणमुखानंद ऑडिटोरियम में उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री की ओर से विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने लखनऊ से आकर पुरस्कार ग्रहण किया। बुद्धांजलि रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कोविंद ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में गुंडाराज खत्म करके प्रदेश को भयमुक्त बनाने का काम किया है। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि योगी आदित्यनाथ उनके मित्र हैं और उत्तर प्रदेश में गुंडे, माफिया आज उनके नाम से थर–थर कांपते हैं।डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि योगी ने उत्तर प्रदेश के सरकारी महकमों में डॉ. अंबेडकर की फोटो लगाने का आदेश देकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। लखनऊ में डॉ. अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र बना कर योगी आदित्यनाथ ने माई साहब डॉ. सविता अंबेडकर के सपनों को पूरा किया है। योगी आदित्यनाथ आज दलितों–वंचितों के मसीहा बन चुके हैं।बुद्धांजलि फाउंडेशन के अध्यक्ष और कार्यक्रम के आयोजक कैलाश मासूम ने कहा कि योगी आदित्यनाथ को भारत रत्न डॉ. अंबेडकर पुरस्कार देकर वह गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। योगी सरकार दलितों, पिछड़ों और वंचितों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है, सबको साथ लेकर चल रही है।

## दिल्ली में भी बरसेंगे बादल, हिमाचल में ओले, कई राज्यों में चक्रवाती तूफान का अलर्ट

**नई दिल्ली एजेंसी।** मौसम के ट्रेंड में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। अप्रैल और मई के महीने में भी लोगों को गर्मी से राहत मिली हुई है। बीते कुछ वर्षों में ऐसी परिस्थिति कभी नहीं देखने को मिली है। हालांकि, मौसम विभाग का कहना है कि आज से देश के कुछ हिस्सों में तापमान में वृद्धि हो सकती है। लेकिन साथ ही कुछ इलाके चक्रवाती तूफान की चपेट में भी आने वाले हैं। समुद्र से सटे ओडिशा और पश्चिम बंगाल के अलावा इसके आसपास के राज्यों के लोग भी इससे प्रभावित होंगे।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को 7 मई से 10 मई के बीच अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पर भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। आईएमडी के अनुसार, दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र विकसित होने की संभावना है। इसके कारण 7 मई के आसपास इसी क्षेत्र में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की भी संभावना है। आईएमडी ने यह भी कहा है कि, 8 मई के आसपास बंगाल की खाड़ी के दक्षिण पूर्व में चक्रवाती तूफान आने की संभावना है।

7 मई को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अधिकांश स्थानों पर बारिश होने की संभावना है। 8–10 मई के दौरान भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान आस–पास के क्षेत्रों में 40–50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है। यह गति 70 को भी पार सकती है। 10 मई के बाद से हवा की गति 60–70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़कर 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक होने की प्रबल संभावना है।

मौसम विभाग की भविष्यवाणी के मुताबिक, दिल्ली में आज भी बारिश हो सकती है। साथ ही आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। इसका मतलब यह हुआ कि दिल्ली वालों को अभी गर्मी से राहत मिलती रहेगी। हालांकि, यह राहत कब तक जारी रहेगी, इसके बारे में अभी कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में तापमान 21 से 35 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

वहीं आईएमडी के मुताबिक 6 मई को पंजाब में अलग–अलग जगहों पर बिजली और तेज आंधी (30–40 किमी. प्रति घंटे की हवा) के साथ और हिमाचल प्रदेश में बिजली के साथ ओले गिरने की संभावना है।

## ग्रेनो प्राधिकरण ने उद्यान से जुड़ी चार कंपनियों पर लगाया 17 लाख का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के उद्यान विभाग ने चार फर्मों पर 17 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। रिहायशी इलाकों में उद्यान कार्यों में लापरवाही मिलने पर यह कार्रवाई की गई है। जुमार्ने के इस रकम की वसूली इन फर्मों के मासिक बिलों के भुगतान में से कटौती कर की जाएगी।

सात दिन में काम की गुणवत्ता में सुधार न मिलने पर इन फर्मों को काली सूची में भी डालने की चेतावनी दी गई है। ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित जी–20 सम्मेलन को देखते हुए शहर को साफ सुथरा, हरा–भरा व सुंदर बनाने के लिए सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। आवासीय सेक्टरों के पार्क, ग्रीन बेल्ट सहित सभी प्रमुख मार्गों की रोड साइड ग्रीनरी आदि को दुरुस्त कराया जा रहा है। सीईओ के निर्देश पर उद्यान विभाग की टीम सेक्टरों में जाकर निरीक्षण कर रही है। रोड साइड ग्रीनरी का भी जायजा ले रही है। खामी मिलने पर लापरवाही करने वाली फर्मों पर जुमार्ना भी लगा रही है।

उद्यान विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक कपिल सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम ने हाल ही में सेक्टर रो–1 और रो– 2 का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रीनरी का रखरखाव कार्य ठीक से न होने पर कर्मस्टार इंटरप्राइजेज पर 10 लाख का जुमार्ना लगाया गया है। टीम ने सेक्टर गामा–1 व 2 का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सेक्टरों के पार्क, ग्रीन बेल्ट और पाथवे आदि दुरुस्त नहीं मिले। इस मामले में राजा कंस्ट्रक्शन पर पांच लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है।

## दिल्ली में पहली बार 7 मई को होगा पूर्वांचल सम्मान समारोह का आयोजन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय पूर्वांचल महासंघ एवं मंगलिया आर्ट्स द्वारा दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम 7 मई को पूर्वांचल सम्मान समारोह एवं मलंगिया उत्कृष्टता सम्मान का भव्य आयेजन होगा द्य इस इस बात की जानकारी दिल्ली के प्रेस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कार्यक्रम के संयोजक व राष्ट्रीय पूर्वांचल महासंघ के अध्यक्ष मनीष सिंह एवं कार्यक्रम के सहसंयोजक व मलंगिया आर्ट्स के संस्थापक ऋषि कुमार मलंगिया ने दी । मनीष सिंह एवं ऋषि कुमार मलंगिया के अलावा पूर्वांचल महासंघ के महासचिव राहुल रंजन एवं दिल्ली भाजपा मिडिया सेल के राहुल त्रिवेदी भी मौजूद थे ।कार्यक्रम के संयोजक व राष्ट्रीय पूर्वांचल महासंघ के अध्यक्ष मनीष सिंह ने कहा कि पूर्वांचल सम्मान समारोह के विशिष्ट मौके पर कार्यक्रम का उद्घाटन दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली भाजपा प्रभारी वैजयंत पांडा तथा सांसद एवं सुप्रसिद्ध गायक मनोज तिवारी करेंगे।

मनोज तिवारी कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष भी होंगे । इस इस मौके पर प्रख्यात अभिनेता एवं लोकसभा सांसद रवि किशन एवं प्रख्यात गायक व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ की विशिष्ट उपस्थिति रहेगी ।

## चुनावी साल में ओपीएस को लेकर राजस्थान सरकार व केंद्र आमने–सामने

**जयपुर एजेंसी।** राजस्थान सरकार ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को लागू किया है, जो कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद निश्चित पेंशन की गारंटी देती है, जिससे सैकड़ों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लाभ मिलेगा।

हालांकि, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के कर्मचारी अभी भी इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि क्या राजस्थान सरकार इस योजना को लंबे समय तक चला पाएगी या चुनाव के बाद केंद्र और राज्य के सत्ता में आने पर यह महज एक वादा भर रह जाएगा, क्योंकि एनपीएस के तहत फंड जारी करने के मुद्दे पर केंद्र और राज्य आमने–सामने हैं।

राज्य सरकार की एक कर्मचारी हिमानी ने कहा, सभी कर्मचारी इस बात से खुश हैं कि उन्हें पेंशन मिलेगी। हालांकि, साथ ही बिना किसी स्पष्टता के समय–समय पर जारी किए जा रहे अलग–अलग सर्कुलर उन्हें भ्रमित कर रहे हैं।

हिमानी ने कहा, अपने आदेश में, सरकार ने जीपीएफ–एसएबी अकाउंट खोलने के लिए कहा है। सभी कर्मचारियों को यह पता नहीं है कि यह अकाउंट क्या है। आदेश में कहा गया है कि इस अकाउंट को खोलने से एफडी आदेशों के अनुपालन और बकाया राशि के त्वरित भुगतान में मदद मिलेगी।



एक अन्य कर्मचारी ने कहा, इससे पहले, हमें ओपीएस के लाभार्थी बनने के लिए निकाले गए पीएफ को फिर से जमा करने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि अब कई कर्मचारी जिन्होंने घर खरीदने या अपने बच्चे की शादी के लिए अपना पीएफ निकाल लिया है, वे पैसे फिर से जमा कराने के लिए दर–दर भटक रहे हैं। हालाँकि, अब तक इस बारे में कोई स्पष्ट दिशा–निर्देश नहीं हैं कि हम इस ओपीएस वादे से कैसे लाभान्वित होने जा रहे हैं।

गहलोत सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए ओपीएस की घोषणा की है और केंद्र से 2005 से राजस्थान सरकार के कर्मचारियों के खाते में नई पेंशन योजना के तहत जमा हुए 39,000 करोड़ रुपये जारी करने को भी कहा है।

हालांकि, पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण ने इस फंड को जारी करने से इनकार कर दिया है। अब सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि राज्य सरकार कर्मचारियों को पेंशन का भुगतान कैसे करती है।

इस साल की शुरुआत में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान केंद्र सरकार से नई पेंशन योजना में जमा राशि को जारी करने का आग्रह किया था क्योंकि राज्य ने पिछले साल अपने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को वापस कर दिया था।

गहलोत ने राज्यपाल के अभिभाषण पर दो दिन की बहस के बाद सदन को बताया, हम शेयर बाजार में उतार–चढ़ाव के लिए नई पेंशन योजना के तहत स्थानांतरित राज्य कर्मचारियों के फंड को अब और नहीं छोड़ सकते। केंद्र सरकार को जल्द से जल्द पुरानी पेंशन योजना के तहत कर्मचारियों और नियोक्ताओं के लिए इसे जारी करना चाहिए।गहलोत ने चेतावनी दी है, हमारा पैसा एनपीएस में जमा है। ओपीएस लागू करने के बावजूद नहीं दे रही है अभी, अगर नहीं देंगे तो हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे, पर लेकर रहेंगे।

गहलोत ने पिछले साल बजट में पुरानी पेंशन योजना को पुर्नजीवित करने की घोषणा की थी। गहलोत ने कहा था कि बोर्ड, निगम, अकादमियों और विश्वविद्यालयों के कर्मियों को भी पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा।

हालांकि, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई पेंशन योजना के लिए जमा धन जारी करने की राजस्थान सरकार की मांग को खारिज कर दिया।

वित्त मंत्री ने कहा, मैं पुरानी पेंशन योजना के मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती, लेकिन राज्य सरकार ने अपने दम पर यह वादा किया है और अब उम्मीद है कि सरकार को फंड जारी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, इसकी अपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। यह कर्मचारी का हक का पैसा है और उन्हें ही दिया जाना चाहिए।

पुरानी पेंशन योजना के तहत सरकारी कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद मासिक पेंशन पाने का हकदार होता है। मासिक पेंशन आम तौर पर व्यक्ति के अंतिम आहरित वेतन का आधा होता है।

नई पेंशन योजना के तहत कर्मचारी अपने वेतन का एक हिस्सा पेंशन फंड में जमा करते हैं। इसके आधार पर, वे एकमुश्त राशि पाने के हकदार होते हैं।

पुरानी पेंशन योजना को दिसंबर 2003 में बंद कर दिया गया था और नई पेंशन योजना 1 अप्रैल 2004 को लागू हुई थी।

इस बीच, भाजपा नेताओं ने बताया कि कांग्रेस सरकार 39000 करोड़ रुपये की धनराशि चाहती है जिसका उपयोग वह अपने अपने स्वार्थ के लिए कर सकती है। राज्य आर्थिक रूप से गरीब है और राज्य सरकारों के सार्वजनिक उपक्रमों में भी खराबी है। 2004 में नौकरी करने वालों को 2033–34 में पेंशन मिलेगी और इसके लिए सरकार को एकमुश्त फंड की जरूरत होगी।

उन्होंने आगे कहा कि मिलियन डॉलर का सवाल अब यह है कि उस समय राज्य में कौन सी सरकार होगी और क्या वह धन प्राप्त कर पाएगी?

हालांकि कांग्रेस कार्यकर्ता खुश हैं और कहते हैं कि ओपीएस के कारण केंद्र सरकार दबाव में आ गई है। इस कदम का मुकाबला करने के लिए भाजपा के पास अब कुछ भी नहीं है।

## डब्ल्यूसीबी ओलंपियन मनोज कुमार और केएस विनोद के बीच चैरिटी बॉक्सिंग मैच की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** वर्ल्ड चैरिटी बॉक्सिंग (डब्ल्यूसीबी) संगठन ने प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में अपने मिशन और चल रहे चैरिटी कार्य के बारे में संक्षिप्त परिचय देने के साथ–साथ ओलंपियन मनोज कुमार और केएस विनोद के बीच होने वाले चैरिटी बॉक्सिंग मैच की घोषणा करने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। डब्ल्यूसीबी एक प्रसिद्ध मंच है जिसने संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और अन्य यूरोपीय देशों में लोकप्रियता हासिल की है। संगठन का उद्देश्य पूरी दुनिया में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है और यह संगठन खेल दान के माध्यम से मानवता की सेवा करने के नेक काम के लिए समर्पित है। डब्ल्यूसीबी पेशेवर मुक्केबाजी पद्धति के अनुसार 2 मिनट के 3 राउंड तक लडने् के लिए मशहूर हस्तियों और अन्य खिलाडियों सहित सभी के लिए एक मंच प्रदान करता है। ओलंपियन मनोज कुमार और केएस विनोद के बीच आगामी चैरिटी बॉक्सिंग मैच डब्ल्यूसीबी द्वारा अपने मिशन को हासिल करने की दिशा में उठाया गया एक और कदम है।

# भारतीय टीम को बड़ा झटका, टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से बाहर हुआ ये स्टार प्लेयर



लखनऊ ,। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल पिछले हफ्ते लगी पैर की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सीजन् और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डबल्यूटीसी) के फाइनल से बाहर हो गये हैं। राहुल ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।

सुपर जायंट्स ने इससे पहले एक विज्ञप्ति में कहा था कि राहुल को सर्जरी की जरूरत होगी और वह लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। राहुल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कहा,चिकित्सकीय टीम के साथ सावधानीपूर्वक विचार और परामर्श के बाद, यह निष्कर्ष निकाला गया है कि शीघ्र ही मेरी जांघ की सर्जरी होने वाली है। मेरा ध्यान आने वाले हफ्तों में अपने आप को पूरी तरह फिट करने पर रहेगा। यह एक कठिन फैसला है, लेकिन मुझे पता है कि पूरी रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए यह सही है।

उल्लेखनीय है कि सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच पिछले हफ्ते लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले की पहली पारी में फील्डिंग करते हुए राहुल को चोट लगी थी। वह उस समय टीम स्टाफ की मदद से मैदान से बाहर चले गये और सुपर जायंट्स की ओर से 127 रन के लक्ष्य का पीछा करने भी नहीं उतरे थे। उन्होंने हालांकि सुपर जायंट्स की 18 रन की हार में 11वें नंबर पर आकर तीन गेंदों का सामना किया था। राहुल ने कहा, टीम के कप्तान के रूप में, मुझे इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान वहाँ नहीं होने का बहुत दुख है। लेकिन, मुझे विश्वास है कि मेरी टीम हमेशा की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

उन्होंने कहा,पूरी तरह से निराश हूं कि मैं अगले महीने टीम इंडिया के साथ ओवल (डब्ल्यूटीसी फाइनल) में नहीं रहूंगा। मैं नीले रंग में वापस आने और अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए वह सब कुछ करूंगा जो मैं कर सकता हूं। यह हमेशा मेरी प्राथमिकता रही है।यह पिछले एक साल में राहुल की दूसरी बड़ी चोट है। इससे पहले उन्हें 2022 में भी स्पोर्ट्स हर्निया हुआ था जिसके लिए उन्होंने सर्जरी करवाई थी। सुपर जायंट्स इस समय अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। राहुल की अनुपस्थिति में क्रुणाल पांड्या टीम की कमान संभालेंगे। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के विरुद्ध पिछले मैच में भी कप्तानी की थी, हालांकि वह मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।

राहुल का करियर हाल के समय में उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। टेस्ट क्रिकेट में खराब फॉर्म के बाद उन्हें उप-कप्तान के पद से हटा दिया गया और साथ ही उन्होंने टेस्ट एकादश में भी अपनी जगह खो दी। उन्होंने नवंबर 2022 में टी20 विश्व कप में भारत की हार के बाद से कोई टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी नहीं खेला है। एकदिवसीय क्रिकेट एक मात्र ऐसा प्रारूप है जहां वह भारत के लिये मध्यक्रम के बल्लेबाज होने के साथ-साथ विकेटकीपर की भूमिका भी निभा रहे हैं।

राहुल डब्ल्यूटीसी फाइनल में भी भारत के लिये विकेटकीपर-बल्लेबाज की भूमिका निभा सकते थे, हालांकि इस चोट के बाद भारत को अनुभवहीन श्रीकर भरत पर निर्भर रहना पड़ सकता है।

## दोहा डायमंड लीग में अव्वल आए नीरज

दोहा । भारत के शीर्ष भाला फेंक एथलीट और टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग के दोहा चरण में पहला स्थान हासिल किया। इस सीजन के अपने आयोजन में हिस्सा ले रहे नीरज ने 88.67 मीटर के थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया। वह अपने अगले पांच प्रयासों में इस थ्रो को बेहतर नहीं कर सके, हालांकि यह उन्होंने जीत दिलाने के लिए काफी था।

टोक्यो ओलंपिक 2020 के रजत पदक विजेता जैकब वडलेच ने 85 मीटर से अधिक के कई प्रयास किए और 88.63 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स 85.88 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

उल्लेखनीय है कि नीरज पिछले साल डायमंड लीग के लुसाने चरण और ज्यूरिक में हुए फाइनल में अव्वल रहकर डायमंड ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास जून 2022 में डायमंड लीग के स्टॉकहोम चरण में आया जब उन्होंने 89.94 मीटर की दूरी पर भाला फेंका था।

# विश्व चैंपियनशिप के शीर्ष-16 में पहुंचे हुसामुद्दीन, नवीन



ताशकंद एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन और नवीन कुमार ने शुक्रवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के प्री-चर्टर फाइनल में जगह बना ली।

हुसामुद्दीन (57 किग्रा) ने अंतिम-16 में जगह बनाने के लिए चीन के ल्यू पिंग को 5-0 से मात दी। नवीन ने 92 किग्रा के शीर्ष-32 मुकाबले में दक्षिण कोरिया के ली संगमिन को 5-0 से परास्त किया।

हुसामुद्दीन ने पहले राउंड में मुक्कों की बरसात के साथ गति हासिल की और फिर बेहतर रणनीति से उसे बनाए रखा। भारत के इस खब्बू मुक्केबाज ने पहला राउंड एकतरफा अंदाज में जीतने के बाद अगले राउंड में बढ़त बनाई और ल्यू के मुक्कों को चकमा देते हुए उन पर जबरदस्त प्रहार किया। चीनी मुक्केबाज हुसामुद्दीन की गति और तीव्रता का मुकाबला नहीं कर सके और अंततः बाउट एकतरफा अंदाज में हार गए। प्री-चर्टर फाइनल मुकाबले में हुसामुद्दीन का सामना रविवार को रूस के सविन एडुअर्ड से होगा।

दूसरी ओर, हरियाणा के चरखी दादरी के रहने वाले नवीन ने कोरियाई मुक्केबाज के सामने अपनी लंबी पहुंच का फायदा उठाते हुए तीनों राउंड में सभी जजों को प्रभावित किया और 5-0 के एकतरफा अंतर से जीत दर्ज की। वह प्री-चर्टर फाइनल में विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता स्पेन के एमैनुएल रेयेस से भिड़ेंगे।

इसी बीच, एशियाई खेलों में रजत पदक जीत चुके आशीष अंतिम-32 दौर के बाउट में दो बार के ओलंपिक चैंपियन क्यूबा के अर्लेन लोपेज़ से 2-5 से हार गए।दो अन्य भारतीय मुक्केबाज शनिवार को अंतिम-32 मुकाबले में भिड़ेंगे। आकाश (67 किग्रा) का सामना चीन के फू मिंगके से जबकि निशांत देव (71 किग्रा) का सामना कोरिया के ली संगमिन से होगा।इस वैश्विक टूर्नामेंट में 107 देशों के 538 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट में कई ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाजों की भागीदारी देखी जा रही है।

# स्टार स्पोर्ट्स ने आईपीएल के चौथे हफ्ते जोड़े 2.5 करोड़ दर्शक




मुंबई ,। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टीवी प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने टूर्नामेंट के चौथे हफ्ते में रिकॉर्ड 2.53 करोड़ दर्शक जोड़े हैं।

स्टार ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि यह चौथे हफ्ते में टीवी पर दर्शकों के जुडऩे का रिकॉर्ड है।यह 38 मैचों के बाद कुल लाइव दर्शकों की संख्या को 43.4 करोड़ तक ले जाता है, जो कि आईपीएल इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। ब्रॉडकास्टर ने पिछले संस्करण की तुलना में पहले 38 मुकाबलों के लिये टीवी रेटिंग में 27त्न से अधिक की वृद्धि भी देखी है। हिंदी भाषी बाजारों ने पहले 38 मैचों में 29.1 करोड़ प्रशंसकों के साथ आईपीएल इतिहास में सबसे अधिक दर्शकों की संख्या दर्ज की है। गौरतलब है कि आईपीएल का आयोजन 31 मार्च से 28 मई के बीच किया जा रहा है।

टूर्नामेंट के टीवी प्रसारण के अधिकार डिज्नी स्टार के पास हैं, जबकि रिलायंस जियो इस बार डिजिटल प्रसारण कर रहा है।

# राजस्थान के खिलाफ गुजरात की 9 विकेट से आसान जीत



जयपुर । राशिद खान (14/3) और नूर अहमद (25/2) की घातक स्पिन से राजस्थान रॉयल्स को मात्र 118 रन पर समेटने के बाद रिद्धमान साहा (41 नाबाद), शुभमन गिल (36) और कप्तान हार्दिक पांड्या (39 नाबाद,15 गेंद) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत गुजरात टाइटंस ने खेला। आईपीएल मुकाबला आसानी से अपने नाम कर लिया।

राशिद और नूर की अफगानी जोड़ी के आगे राजस्थान के बल्लेबाज असहाय नजर आये और मेजबान टीम इस सीजन का अपना सबसे छोटा स्कोर ही बना सकी। बाद में छोटे से लक्ष्य का पीछा गुजरात ने आक्रामक अंदाज में किया। पहले विकेट के लिये 71 रन दसवें ओवर में ही आ गये थे जबकि शुभमन के बाद बल्लेबाजी करने उतरे पांड्या ने राजस्थान के गेंदबाजों की निर्ममता से पिटाई की और लक्ष्य को 37 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। पांड्या ने अपनी तूफानी पारी में तीन चौके और तीन छक्के लगाये। इसके साथ ही गत विजेता गुंजरात दस मैचों में सात जीत दर्ज कर 14 अंकों के साथ पहले स्थान पर काबिज है।

इससे पहले हार्दिक पांड्या ने टीम को पहली सफलता दिलाते हुए दूसरे ओवर में जॉस बटलर को आठ रन पर पवेलियन लौटाया। पहला झटका लगने के बाद यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन ने दूसरे विकेट के लिये 37 रन जोड़े, हालांकि यह मैच में रॉयल्स की एकमात्र महत्वपूर्ण साझेदारी थी।

जायसवाल 11 गेंद पर एक चौके और एक छक्के के साथ 14 रन बनाकर पावरप्ले के आखिरी ओवर में रनआउट हो गये, जबकि सैमसन 20 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के के साथ 30 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रॉयल्स ने सात ओवर में 60 रन पर तीन विकेट ही गंवाये थे, हालांकि मध्य ओवरों में राशिद और नूर की जोड़ी ने मेजबान टीम की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी।

राशिद ने रविचंद्रन अश्विन और रियान पराग को के विकेट लेकर अपना खाता खोला, जबकि नूर ने देवदत्त पडिक्कल (12) और ध्रुव जुरेल (नौ) को पवेलियन भेजा। शिमरन हेटमायर (सात) ने संयम के साथ 13 गेंदें खेलकर सूझबूझ का परिचय दिया लेकिन राशिद ने अपने आखिरी ओवर में उन्हें भी चलता किया।रॉयल्स के आठ विकेट 96 रन पर गिरने के बाद ट्रेंट बोल्ट ने टीम को 100 रन के पार पहुंचाया, हालांकि वह भी 11 गेंद पर 15 रन ही बना सके। ऐडम ज़ैम्पा के रनआउट होने के साथ 17.5 ओवर में रॉयल्स की पारी समाप्त हुई।

शमी, हार्दिक पांड्या,और जोश लिटल को एक-एक विकेटहासिल हुआ।

## फिल्मी सफर

# सलमान-शाहरुख टाइगर 3 में करेंगे जबरदस्त एक्शन, जल्द शुरू होगी शूटिंग



वर्ष 2023 के बीते 4 महीनों में कई हिन्दी फिल्मों का प्रदर्शन हुआ लेकिन सफलता सिर्फ पठान (आल टाइम ब्लॉकबस्टर), तू झूठी मैं मक्कार (सुपर हिट) और किसी का भाई किसी की जान (हिट) को मिली। इन तीन फिल्मों की सफलता ने बॉलीवुड का समग्र ट्रैक रिकॉर्ड बेहतर बना रखा है। शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम अभिनीत, सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी पठान अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिन्दी फिल्म बन गई है। इस फिल्म की सफलता में कई चीजें शामिल थीं, उनमें से एक सलमान खान की कैमियो उपस्थिति थी, जिसने टाइगर की अपनी भूमिका को दोहराया। जिस तरह से उन्होंने पठान (शाहरुख खान) को बचाया और जिस तरह से दोनों बदमाशों से लड़ते हैं, उसने देश भर के सिनेमाघरों में एक उन्माद पैदा कर दिया।

सलमान खान की टाइगर-3 इस वर्ष दीपावली के अवसर प्रदर्शित होने जा रही है। यह सामान्य ज्ञान है कि सलमान खान स्टारर इस फिल्म में पठान अतिथि भूमिका में दिखाई देंगे। नतीजा बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त धूम धड़ाका, जिसकी उम्मीद पूरे हिन्दी फिल्म उद्योग को है। समाचारों के अनुसार सलमान खान और शाहरुख खान को लेकर फिल्माया जाने वाला दृश्य मई के दूसरे सप्ताह से शुरू होने जा रहा है। बॉलीवुड हंगामा के अनुसार शाहरुख खान 8 मई से टाइगर-3 के अपने कैमियो का शूट शुरू करने वाले हैं।

शाहरुख और सलमान 8 मई से उक्त सीक्वेंस के लिए शूटिंग करेंगे। फिल्मांकन वाईआरएफ (यश राज फिल्म्स) स्टूडियो में होगा और लगभग 5 से 7 दिनों तक चलने की उम्मीद है।मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित टाइगर 3 में सलमान खान के साथ कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी सह-कलाकार हैं। बताया जा रहा है कि मनीष और निर्माता आदित्य चोपड़ा ने इस दृश्य के लिए व्यापक तैयारी की है। वे जानते हैं कि पठान में शाहरुख खान और सलमान खान के बीच के सीक्वेंस को दर्शकों ने खूब सराहा है। टाइगर 3 के साथ, निर्माताओं को दोस्ती और पागलपन को एक कदम आगे ले जाने की उम्मीद है। इस सीन को शूट करने के लिए क्रू मेंबर्स में पहले से ही उत्साह साफ देखा जा सकता है। पठान को दुनिया भर में इतना प्यार मिला है, यह टीम टाइगर 3 के लिए एक बूस्टर शॉट साबित हुआ है!

पठान और टाइगर 3 वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स से संबंधित हैं। फ्रेंचाइजी की शुरुआत कबीर खान निर्देशित एक था टाइगर (2012) से हुई, जिसमें सलमान खान और कैटरीना कैफ ने अभिनय किया था। इसके बाद अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित टाइगर जिंदा है (2017) आई। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित ऋतिक रोशन-टाइगर श्रॉफ स्टारर वॉर (2019) भी वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स से संबंधित है। पठान और टाइगर 3 के बाद, फ्रेंचाइजी की आगामी फिल्मों में वॉर 2 शामिल है, जिसमें ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर, और टाइगर बनाम पठान, जिसमें सलमान खान और शाहरुख खान मुख्य भूमिका में हैं।

टाइगर-3 और टाइगर बनाम पठान के मध्य में सलमान खान सम्भवतः करण जौहर के बैनर की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि मई में टाइगर-3 की शूटिंग पूरी होने के बाद वे करण जौहर की फिल्म के प्री प्रोडक्शन को शुरू करेंगे। कहा तो यह भी जा रहा है कि सलमान खान इसे आगामी वर्ष ईद के मौके पर प्रदर्शित करने की योजना बना सकते हैं। हालांकि इसकी उम्मीद बहुत कम है। सलमान करण जौहर को हाँ कहते हैं उसके बाद 2-3 माह का समय प्री प्रोडक्शन में जाएगा अर्थात् फिल्म का शूट सितम्बर से शुरू होगा। ऐसे में यह उम्मीद बेमानी नजर आती है कि यह फिल्म ईद पर प्रदर्शित होगी।

## नेहा मलिक ने पार की बोल्डनेस की सारी हदें, डीपनेक ड्रेस में क्लीवेज फ्लॉन्ट कर गरमाया इंटरनेट का पारा

भोजपुरी इंडस्ट्री की हाई पेड एक्ट्रेसेस में से एक नेहा मलिक हमेशा अपने बोल्ड और हॉट फोटोशूट के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में उनकी लेटेस्ट सिजलिंग फोटोशूट की तस्वीरों ने एक बार फिर से इंटरनेट पर आग लगा दी है। इन तस्वीरों में नेहा का सेक्सी अंदाज देखकर उनके चाहने वाले उनकी अदाओं पर लट्टू हो गए हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक आए दिन अपनी हॉट फोटोज और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। उनकी हर एक तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही फैंस के बीच चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में नेहा मलिक की लेटेस्ट तस्वीरों ने एक बार फिर से अपनी बोल्डनेस से इंटरनेट का टेम्परेचर बढ़ा दिया है।

# ऋतिक रोशन की कृष 4 का निर्देशन करेंगे करण मल्होत्रा, सिद्धार्थ आनंद बने सह-निर्माता



ऋतिक रोशन की सुपरहीरो फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त कृष 4 काफी समय से सुर्खियों में बनी हुई। फिल्म अभी शुरू नहीं हुई है, लेकिन इसकी कहानी और संभावित निर्देशक के बारे में खबरें आए दिन सामने आती रहती हैं। पहले जहां सिद्धार्थ आनंद के फिल्म का निर्देशन करने की बात सामने आई थी तो अब करण मल्होत्रा को इसकी कमान सौंप दी गई है, वहीं आनंद इसके सह-निर्माता होंगे। हालांकि, अभी तक इस बारे में आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।सूत्र के अनुसार, शमशेरा और अग्निपथ जैसी फिल्म का निर्देशन करने वाले मल्होत्रा सुपरहीरो फ्रेंचाइजी में कृष 4 के निर्देशक के तौर पर शामिल होंगे। सूत्र के मुताबिक, राकेश रोशन और ऋतिक का मानना है कि मल्होत्रा फ्रेंचाइजी में एक नई जान फूंकेंगे और इसे बेहतरीन ढंग से बनाएंगे। राकेश ने फिल्म की मूल कहानी पर काम कर लिया है और वह अब पटकथा पर काम कर रहे हैं। मल्होत्रा जल्द ही फिल्म की टीम में शामिल होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, आनंद ऋतिक के बैनर फिल्मक्राफ्ट प्रोडक्शंस के साथ मिलकर फिल्म का सह-निर्माण करेंगे। इससे पहले कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि आनंद को कृष 4 निर्देशित करने के लिए चुना गया है, लेकिन जल्द ही राकेश ने इन अटकलों पर विराम लगाते हुए इन्हें गलत बताया था। आनंद इससे पहले ऋतिक के साथ बैंग बैंग और वॉर में काम कर चुके हैं। दोनों अब जल्द फाइटर लेकर आने वाले हैं, जिसमें दीपिका पादुकोण भी शामिल हैं।राकेश ने बीते दिनों एक साक्षात्कार के दौरान फिल्म के बारे में बात की थी और बताया था कि अभी फिल्म को बनाने में समय लगेगा। फिल्म पर काम 2024 के अंत में ही शुरू होगा। उन्होंने फिल्म की कहानी को लेकर बताया था कि इसमें ऐसे कॉन्सेप्ट का इस्तेमाल हो रहा है, जो अभी तक शायद अंतरराष्ट्रीय फिल्मों में भी नहीं आजमाया गया होगा। साथ ही फिल्म में पिता-पुत्र के बीच भावनात्मक कहानी को बखूबी से दिखाया जाएगा। सुपरहीरो फ्रेंचाइजी का पहला भाग कोई मिल गया 2003 में आया था, जिसमें ऋतिक और प्रीति जिंटा मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद 2006 में कृष आई, जिसमें ऋतिक के साथ प्रियंका चोपड़ा की जोड़ी बनी। दोनों 2013 में आई कृष 3 में भी थे।आनंद के साथ ऋतिक की फाइटर जनवरी 2024 में रिलीज होगी।

# सोनाक्षी लगाएंगी दहाड़, शेरनी बनकर लौटेंगी सुष्मिता; ओटीटी पर दिखेंगे महिलाओं के अलग-अलग रूप



महिलाओं के जज्बे को बयां करतीं कई फिल्में और वेब सीरीज दर्शकों के बीच आ चुकी हैं, जो यह साबित कर चुकी हैं कि महिलाओं के लिए नामुमकिन कुछ भी नहीं। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी महिलाओं का बोलबाला खूब देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनों में नारी शक्ति का प्रदर्शन करतीं कई वेब सीरीज दर्शकों के बीच आने वाली है। दहाड़ से लेकर आर्या 3 तक इसी फेहरिस्त में शामिल हैं। सोनाक्षी सिन्हा फिल्मों में काम करने के बाद अब वेब पर भी अपनी शुरुआत कर रही हैं। उनकी पहली वेब सीरीज है दहाड़। वह इसमें पुलिस की वर्दी पहन 27 महिलाओं की मौत की गुत्थी सुलझाती दिखेंगी, जिनकी शिकायत कभी दर्ज नहीं की गई। इनका पड़ताल करने का जिम्मा सीरीज में अंजना भाटी बनीं सोनाक्षी पर होगा। जोया अख्तर इस सीरीज की निर्माता हैं। यह क्राइम ड्रामा सीरीज 12 मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है।सास बहू और फ्लेमिंगो इस बात को आगे ले जाती है कि युद्ध में एक महिला से ज्यादा शक्तिशाली कुछ भी नहीं। डिंपल कपाडिय़ा की यह सीरीज हमें उन महिलाओं से परिचित कराती है, जो निडर हैं, लचीली हैं और अपनी पसंद को आगे रखने से डरती नहीं हैं। यह नई सास, बहू और बेटी की एक्शन से भरपूर उस लड़ाई को दिखाती है, जो उनके हक की रक्षा के लिए है। सीरीज 5 मई से डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। हीरामंडी को निर्देशक संजय लीला भंसाली ने बनाया है। खास बात यह है कि इसके जरिए भंसाली डिजिटल जगत में कदम रखने वाले हैं।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
-सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com